

परम पूज्य तपश्चर्या–चक्रवर्ती पट्टाधीशाचार्यश्री

सुविधिसागर जी महाराज

के

50 वें जन्मदिवस के पावन अवसर पर

सुविधि–परिवार के द्वारा आयोजित

जिनवाणी-महोत्सव

सहस्रग्रन्थसंग्रह

* जन्मदिवस 19–03–1971 * मुनिदीक्षा–11–05–1989 * आचार्यपद– 20–06–2004

पट्टाधीशपद– 24–12–2010 (20–06–2004 को की गई उद्घोषणा के अनुसार)

परम पूज्य आचार्यश्री सन्मतिसागर जी महाराज के द्वारा की गई उद्घोषणाः–

हमारी समाधि के पश्चात् आपको इस संघ के संचालकपद पर नियुक्त करते हैं।

(अंकलीकर वाणी–जुलाई 2004) (अक्षयज्योति–अक्तूबर 2004)

आचार्य सोमकीर्त्ति एवं ब्रह्म यशोधर

लेखक एवं सम्पादक
डॉक्टर कस्तूरचन्द कासलीवाल

प्रकाशक
श्री महावीर ग्रन्थ अकादमी जयपुर (राजस्थान)

(परम्परानायक)

परम पूज्य चारित्र–चक्रवर्ती,
आचार्यश्री आदिसागर जी महाराज
(अंकलीकर)

(द्वितीय पट्टाधीश)

परम पूज्य तीर्थभक्त–शिरोमणि,
आचार्यश्री महावीरकीर्ति जी महाराज

(तृतीय पट्टाधीश)

परम पूज्य सिद्धान्त–चक्रवर्ती,
आचार्यश्री सन्मतिसागर जी महाराज

(चतुर्थ पट्टाधीश)



परम पूज्य तपश्चर्या–चक्रवर्ती, आचार्यश्री सुविधिसागर जी महाराज

दिगम्बर साधु निरन्तर पगविहार करते रहते हैं। ग्रन्थभण्डार को साथ में रख कर विहार करना अशक्यप्रायः होता है। फलतः उनको ग्रन्थों के सन्दर्भ देखने में असुविधा होती है। उनकी सुविधा के लिये इस कोश का निर्माण किया गया है। इस कोश के निर्माण में किसी भी प्रकार का व्यापारिक हेतु नहीं है।

आर्थिक दृष्टि से सम्पन्न श्रावकबन्धुओं से निवेदन है कि वे ग्रन्थ का विक्रय कर अध्ययन करने की परम्परा को कायम रखें।

मुखपृष्ठ पर हमने ग्रन्थकर्त्ता, अनुवादक, सम्पादक, प्रकाशक आदि के नाम दिये हैं। किसी संस्थान का कर्तुत्व हमने लुप्त नहीं किया है।

इस कोश के लिये आवश्यक ग्रन्थ हमें अनेक स्रोतों से प्राप्त हुये हैं। हम उन सभी का आभार मानते हैं।

सुविधि–परिवार

श्री महावीर ग्रंथ अकादमी–पंचम पुष्प

आचार्य सोमकीर्ति एवं ब्रह्म यशोधर

[१६ वीं शताब्दि के पांच प्रतिनिधि कवियों–आचार्य सोमकीर्ति, सांगु, ब्रह्म गुणकीर्ति, भ. यशःकीर्ति एवं ब्रह्म यशोधर के जीवन, व्यक्तित्व एवं कृतित्व के साथ में उनकी २७ कृतियों के मूल पाठों का संकलन]

लेखक एवं सम्पादक

डा० कस्तूरचन्द कासलीवाल

एम. ए., पी-एच. डी., शास्त्री

प्रकाशक

श्री महावीर ग्रंथ अकादमी, जयपुर

मूल्य 60/-

संरक्षक की ओर से

श्री महावीर ग्रंथ अकादमी का पञ्चम पुष्प "आचार्य सोमकीर्ति एवं ब्रह्म यशोधर" को पाठकों के हाथों में देते हुए हमें अतीव प्रसन्नता है। इस प्रकार अकादमी की २० भागों के प्रकाशन की योजना का २५ प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। इस पुष्प के साथ अब तक जिन अज्ञात एवं अल्प-ज्ञात हिन्दी जैन कवियों के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला जा चुका है। उनका विवरण निम्न प्रकार है—

	कवि का नाम	समय	मूल कृतियों की संख्या	भाग
१	महाकवि ब्रह्म रायमल्ल	१६–१७वीं शताब्दी	४	प्रथम
२	भट्टारक त्रिभुवनकीर्ति	,,	२	,,
३	कविवर बूचराज	१६वीं शताब्दी	८	द्वितीय
४	,, छीहल	,,	६	,,
५	,, ठक्कुरसी	,,	१३	,,
६	,, गारवदास	,,	१	,,
७	,, चतुरुमल	,,	२	,,
८	महाकवि ब्रह्म जिनदास	१५वीं शताब्दी	१४	तृतीय
९	भट्टारक रत्नकीर्ति	१७वीं शताब्दी	३७	चतुर्थ
१०	,, कुमुदचन्द्र	,,	६३	,,
११	,, अभयचन्द्र	,,	१	,,
१२	,, शुभचन्द्र	,,	३	,,
१३	,, रत्नचन्द्र	,,	—	,,
१४	,, श्रीपाल	,,	१	,,
१५	,, जयसागर	,,	—	,,
१६	,, चन्द्रकीर्ति	,,	—	,,
१७	,, गणेश	,,	—	,,
१८	आचार्य सोमकीर्ति	१६वीं शताब्दी	४	पञ्चम
१९	कविवर सांगु	,,	१	,,

२०	ब्रह्म गुणकीर्ति	१६वीं शताब्दी	१	पञ्चम
२१	भट्टारक यशःकीर्ति	,,	४	,,
२२	ब्रह्म यशोधर	,,	२६	,,
			१६०	

इस प्रकार १६वीं एवं १७वीं शताब्दी के २८ प्रतिनिधि कवियों का मूल्याङ्कन एवं उनकी छोटी-बड़ी १६० कृतियों का प्रकाशन एवं महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जिसके लिए अकादमी के निदेशक एवं प्रधान सम्पादक डॉ० कासलीवाल अभिनन्दनीय हैं। वास्तव में डॉ० कासलीवाल का यही प्रयत्न रहा है कि अज्ञात कोनों में से प्राचीन सामग्री एवं परम्पराओं का अन्वेषण कर उन्हें प्रकाश में लावें। प्रस्तुत ग्रन्थ भी उनकी इसी शुभवृत्ति का सुफल है। प्रस्तुत ग्रंथ के लेखक एवं प्रधान सम्पादक भी डॉ. कासलीवाल ही हैं। वैसे तो वे गत ३५ वर्षों से साहित्यिक कार्यों में संलग्न हैं लेकिन गत ४ वर्षों से तो उनका पूरा समय ही साहित्य देवता के लिए समर्पित है।

पंचम भाग के सम्पादक मण्डल के सदस्यों में डॉ० महेंद्रसागर प्रचंडिया अलीगढ़, श्री नाथूलाल जैन, मुख्य अभियन्ता राजस्थान सरकार, जयपुर एवं श्रीमती डॉ० कोकिला सेठी हैं। तीनों ही विद्वानों ने प्रस्तुत ग्रंथ के सम्पादन में जो परिश्रम किया है उसके लिए हम इनके आभारी हैं। आशा है अकादमी को सभी विद्वानों का भविष्य में भी सहयोग प्राप्त होता रहेगा।

अकादमी की लोकप्रियता में निरन्तर वृद्धि हो रही है। चतुर्थ भाग का विमोचन पूज्य क्षुल्लक रत्न १०५ श्री सिद्धसागर जी महाराज द्वारा भागलपुर में इन्द्रध्वज विधान महोत्सव पर हुआ था और उन्हीं की प्रेरणा से विमोचन समारोह में मैंने स्वयं ने देखा था कि, उपस्थित समाज ने अकादमी की साहित्यिक योजना में अपना पूर्ण सहयोग देने में प्रसन्नता प्रकट की थी। चतुर्थ भाग के प्रकाशन के पश्चात् अ. भा. दि. जैन महासभा के उत्साही अध्यक्ष एवं श्रावक रत्न श्री निर्मलकुमार जी सेठी, सरिया लखनऊ (बिहार) के प्रसिद्ध समाज सेवी श्री महावीर प्रसाद जी सेठी एवं जयपुर के उद्योगपति श्री कमलचन्द जी कासलीवाल ने अकादमी का संरक्षक सदस्य बनने की अतिकृपा की है उसके लिए हम तीनों ही महानुभावों के आभारी हैं। इसी तरह मूडबिद्री के भट्टारक एवं पण्डिताचार्य स्वस्ति श्री चारुकीर्ति जी महाराज ने अकादमी का परम संरक्षक बनने की स्वीकृति दी है। भट्टारक जी महाराज स्वयं साहित्य-प्रेमी, अच्छे वक्ता एवं लेखक हैं। अकादमी को आपके द्वारा जो संरक्षण प्राप्त हुआ है हम उसके लिये पूर्णाभारी हैं। वैसे अकादमी के पाँचों ही प्रकाशन मध्य काल में होने वाले भट्टारकों एवं उनके शिष्य प्रशिष्यों की अभूतपूर्व साहित्यिक सेवा के

परिचायक हैं। वास्तव में डॉ० कासलीवाल ने अपने इन प्रकाशनों द्वारा भट्टारकों के साहित्यिक एवं सांस्कृतिक योगदान को पुनः प्रकाश में लाकर समाज का प्रशस्त मार्गदर्शन किया है।

चतुर्थ भाग के विमोचन के पश्चात् हम सभी नये उपाध्यक्षों सर्वश्री तिलकचन्द बाकलीवाल, पद्मकुमार जैन नेपालगंज, सम्पतराय अग्रवाल कटक, रतनलाल विनायक्या भागलपुर एवं डॉ० ताराचन्द बख्शी जयपुर का हार्दिक स्वागत करते हैं। सभी उपाध्यक्ष हमारे समाज के जाने माने सज्जन हैं तथा सामाजिक क्षेत्र में इनका महत्त्वपूर्ण योगदान रहता है। इसी तरह संचालन समिति के सभी माननीय नये सदस्यों एवं विशिष्ट सदस्यों के प्रति आभार प्रकट करता हूं जिन्होंने अपना सहयोग देकर अकादमी को गति प्रदान की है। मैं सर्वश्री माणिकलाल सेठी सुजानगढ़ एवं ताराचंद प्रेमी फिरोजपुर—झिरका का विशेष आभारी हूं जो स्वयं अकादमी के सदस्य बन गये हैं एवं अन्य महानुभावों को भी सदस्य बनाने में अपना पूर्ण सहयोग देते हैं। हम चाहते हैं कि पंचम भाग के प्रकाशन के पूर्व अकादमी की सदस्य संख्या कम से कम ५०० तक पहुंच जाय। आशा है कि इस दिशा में सभी का सहयोग प्राप्त होगा।

पूनमचन्द गंगवाल

झरिया (बिहार)
दिनांक १०-८-८२

सम्पादकीय

वैदिक, बौद्ध और जैन साहित्य मिलकर भारतीय साहित्य के रूप को स्वरूप प्रदान करते हैं। वैदिक साहित्य के लिए वेद, बौद्ध-वाङ्मय के लिए पिटक और जैन साहित्य के लिये आगम शब्द का व्यवहार आरम्भ से ही होता रहा है। सम्पूर्ण आगम को (१) प्रथमानुयोग, (२) करणानुयोग, (३) चरणानुयोग, तथा (४) द्रव्यानुयोग इन चार भागों में विभाजित किया गया है।

प्रथमानुयोग के शास्त्रों में धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष अथवा जिनेन्द्र देवों पर आधृत अनेक ज्ञानपूर्ण कथाएँ तथा पुराणों का समावेश है। करणानुयोग के शास्त्रों में कर्म सिद्धान्त और लोक व्यवहार का विशद व्याख्यान है। चरणानुयोग के शास्त्रों में श्रावक तथा यति अर्थात् साधु-संगठन और आचार-संहिता का विशद विधान वर्णित है। द्रव्यानुयोग के शास्त्रों में चेतन-अचेतन, षट्द्रव्यों तथा तत्व लक्षणों का विस्तार पूर्वक विश्लेषण किया गया है।

प्राकृत भाषा अपने अनेक प्रांतीय रूपों को समेटती भारतीय-संस्कृति को शब्दायित करती रही है। मागधी, अर्द्धमागधी, पालि आदि रूपों को ग्रहण करती हुई उसका जो रूप घिस-पिस कर स्थिर हुआ वह अपभ्रंश के नाम से समादृत हुआ। अपभ्रंश के वक्ष से पुरानी हिन्दी ब्रजभाषा का आदिम रूप उगा—अंकुरित और पल्लवित हुआ। इस प्रकार उकार बहुल ब्रजभाषा हिन्दी का आदिम रूप अपभ्रंश के क्रोड से उत्पन्न हुआ। संस्कृत हिन्दी की जननी है, यह धारणा भाषा-विज्ञान की दृष्टि से चिरञ्जीवी नहीं रह सकी।

राजस्थानी डिंगल और पिंगल स्वरूपा हिन्दी विविध कालों में अपने—अपने समुदाय और समाज के स्वरूप को अभिव्यक्ति देती रही है। राज्याश्रित कवियों द्वारा राज—सत्ता और महत्ता का सातिशय वर्णन शब्दायित हुआ। कहीं कहीं अमुक-अमुक काव्य—धाराओं से अनुप्रेरित कवियों ने तत्सम्बन्धी संकीर्ण विचारणाओं को व्यक्त किया है। इस प्रकार काल-क्षेत्र को ध्यान में रखते हुए हिन्दी साहित्य का कलेवर वृद्धङ्गत होता गया।

पदयात्री संतों की अपनी एक परम्परा रही है। जैन सन्त इस परम्परा के नायक और उन्नायक रहे हैं। जैन मुनियों, आचार्यों तथा सिद्ध-साधकों, मनीषियों ने देश के प्रधान-उपप्रधान तथा क्षेत्रीय भाषा और उपभाषाओं में जनकल्याणकारी

विपुल साहित्य की आगम के अनुकूल रचना की है, फलस्वरूप इसमें शुभ, सत्य और सुखद सम्भावनाओं का समीकरण आरम्भ से ही परिलक्षित है। जैन साहित्य जिनवाणी संग्रहों में सुरक्षित रहा जिसके स्वाध्याय की नियमित परम्परा जैन समुदाय में विद्यमान रही। देश में अनेक 'स्वाध्याय शैलियाँ' स्थिर हुयीं जिनके द्वारा शास्त्र-प्रवचन, शंका समाधान, तत्व चर्चा आदि दृष्टियों से साहित्य का अध्ययन-अनुशीलन चलता रहा।

कालान्तर में जब साहित्यिक इतिहास रचे गये तब हिन्दी भाषा में रची गई कृतियों की खोज-खबर ली गई। शक्ति और सामर्थ्यानुसार जिन-जिन साहित्याचार्यों ने काम किये वे अनुशंसित हुए परन्तु जैन हिन्दी साहित्य को प्रकाश में लाने और उसे हिन्दी साहित्य के सिंहासन पर प्रतिष्ठित करने-कराने का श्रेय महापण्डित राहुल सांकृत्यायन, नाथूराम प्रेमी, बाबू कामताप्रसाद जैन, मुनिश्वर जिन विजय जी महाराज आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी, पंडित अगरचन्द नाहटा तथा डॉ० रामसिंह तोमर आदि अनेक अनुसंधित्सुओं और साहित्य-साधकों को रहा है परिणामस्वरूप आज साहित्यिक इतिहास नये सिरे से रचे जाने लगे हैं।

जैन कवियों ने हिन्दी में आरम्भ से ही लिखना आरम्भ कर दिया और बड़ी विशेषता यह है कि अभिव्यक्ति के अनेक रूपों को स्थिर करने में इन कवियों ने अगुवा बनकर जिस सृजनात्मक भूमिका का निर्वाह किया वह विद्वत् समाज में आज भी समादृत है। भाव-सम्पदा, भाषा अलंकार छन्द, व्याकरण, काव्य रूप तथा शैली शिल्प आदि अनेक काव्य शास्त्रीय दृष्टि से यदि जैन हिन्दी साहित्य को अन्वित और और समन्वित नहीं किया गया तो हिन्दी साहित्य कभी पूर्ण नहीं कहा जा सकता, यह वस्तुतः गवेषणात्मक सत्य है।

अनेक अब्दियों और दशाब्दियों पूर्व जब मेरी पहले-पहल अनुसन्धान की दृष्टि से राजस्थानी-यात्रा प्रारम्भ हुई थी उस समय हिन्दी जैन साहित्य को उजागर करने का प्रश्न सामने आया था। अनेक शोधार्थियों की समस्या और उसके समाधान पर आदरणीय प्रियवर डॉ० कस्तूरचन्द जी कासलीवाल, पं० अनूपचन्द जी शास्त्री आदि जयपुरिया साहित्यिक खोजियों से विचार-विमर्श हुए और तय हुआ कि लुप्त विलुप्त भांडारों में भरी पड़ी सामग्री को प्रकाशित कराया जाय। दशाब्दियों बाद यह सौभाग्य बन पाया कि श्री महावीर ग्रंथ अकादमी के माध्यम से हिन्दी साहित्य को इस रूप में व्यवस्थित और प्रकाशित किया जा रहा है। हर्ष का विषय है कि मुझ जैसे अनेक भाइयों के निर्देशन में अनेक विश्वविद्यालयों के अधीन, पी-एच० डी० उपाधि के लिए हिन्दी जैन कवियों पर अध्ययन हुआ है और कार्य चल रहा है।

इस कार्य सम्पादन में भाई कासलीवाल जी को कितने पापड़ बेलने पड़े हैं, इसकी प्रतीति मुझे है, वस्तुतः विचारणीय बात है। वे इस भागीरथ काम को पार लगा रहे हैं वस्तुतः बहुत बड़ी बात है।

सामाजिक श्रेष्ठियों को इस दिशा में सक्रिय सहयोग देना चाहिए ताकि जिनेन्द्र वाणी—हिन्दी साहित्य धारा में भी समवेत होकर कल्याणकारी मार्ग का प्रवर्तन कर सके ।

अकादमी के प्रस्तुत पंचम पुष्प में सोलहवीं शताब्दी के समर्थ कविमनीषी सोमकीर्ति, ब्रह्म यशोधर, सांगु, गुणकीर्ति तथा यशःकीर्ति का प्रामाणिक व्यक्तित्व तथा कृतित्व परक अध्ययन प्रस्तुत किया गया है । हिन्दी के समकालीन गुरु नानक, कबीरदास, चरणदास, अनन्तदास तथा पुरुषोत्तम आदि अनेक कवि उल्लेखनीय हैं जिनके साथ इन कवियों का तुलनात्मक तथा साहित्यिक मूल्याङ्कन होना चाहिए । मान्य शोध—निदेशक-बन्धुओं से निवेदन है कि वे कतिपय मेधावी शोधार्थियों का चयन कर जैन कवियों के साहित्य का स्तरीय अङ्कन और मूल्याङ्कन प्रस्तुत करावें ।

इस प्रकार प्रस्तुत पुष्प के प्रकाशन की आवश्यकता-उपयोगिता असंदिग्ध है । आशा ही नहीं पूरा भरोसा है कि श्री महावीर ग्रंथ अकादमी की यह पुष्प-प्रकाशन की परम्परा चिरञ्जीवी रहेगी और हिन्दी साहित्यिक के कलेवर को अभिवृद्ध करेगी तथा साहित्यक कुलकरों की कुल-कीर्ति को सुरक्षित रख सकेगी । हम इस मूल्यवान योजना के सतत् साफल्य की हार्दिक मंगल कामना करते हैं ।

आगरा रोड
अलीगढ़
२९.७.८२

महेन्द्र सागर प्रचंडिया
कृते सम्पादक मण्डल

लेखक की कलम से

राजस्थानी एवं हिन्दी भाषा की पाण्डुलिपियों के लिये राजस्थान के जैन ग्रन्थागार विशाल भण्डार हैं जिनमें सैंकड़ों महत्वपूर्ण, अज्ञात एवं अल्प–ज्ञात कृतियों का संग्रह मिलता है। इस दृष्टि से जैनाचार्यों, भट्टारक गण एवं विद्वानों की साहित्यिक सेवाएं अत्यधिक उल्लेखनीय है। जिन्होंने विगत ६००–७०० वर्षों से अपनी सैंकड़ों कृतियां साहित्यिक जगत् को भेंट करके अपने हिन्दी प्रेम को प्रदर्शित किया है और आज भी कर रहे हैं। प्रस्तुत पञ्चम भाग में १६ वीं शताब्दि के पांच ऐसे ही कवियों को लिया गया है जो राजस्थानी/हिन्दी के लिये समर्पित रहे हैं तथा जिनका व्यक्तित्व एवं कृतित्व दोनों ही विद्वानों के लिए अज्ञात अथवा अल्पज्ञात रहा है।

सोमकीर्त्ति १६ वीं शताब्दि के प्रथम चरण के कवि थे। राजस्थानी उनकी प्रिय भाषा थी जिसमें उन्होंने दो बड़ी एवं पांच छोटी रचनायें निबद्ध की थी। 'गुरु नामावली' में उन्होंने राजस्थानी गद्य का प्रयोग करके गद्य साहित्य की लेखन परम्परा को बहुत पीछे ला पटका है। राजस्थानी/हिन्दी साहित्य के इतिहास के लिये गुरु नामावली एक महत्वपूर्ण कृति है। संवत् १५१८ (सन् १४६१) में निर्मित यह कृति गद्य पद्य मिश्रित है। यह संस्कृत की चम्पू कृति के समान है। कवि ने अपने गद्य भाग को बोली लिखा है जिसमें यह स्पष्ट है ऐसी ही भाषा उस समय बोलचाल की भाषा थी और उसे बोली कहा जाता था। बोलचाल की भाषा के लोकप्रिय शब्द कुण, आपणा, बोलता, ढीली, नयर, पालखी, इसी, इणी, का खूब प्रयोग हुआ है। सोमकीर्त्ति अपने युग के प्रभावशाली भट्टारक थे। काष्ठासंघ की भट्टारक गादी के सर्वोपरि साधु थे। साथ में वे भाषा शास्त्री भी थे। संस्कृत कृतियों के साथ ही राजस्थानी में कृतियों का लेखन उनकी राजस्थानी के प्रति गहरी रुचि का सफल है।

सांगु इस काल के दूसरे कवि थे। अभी तक इनकी एक ही कृति 'सुकोसल राय चुपई' उपलब्ध हो सकी है लेकिन यह एक ही कृति कवि की काव्य प्रतिभा परिचय के लिये पर्याप्त है। यह एक लघु प्रबन्ध काव्य है जिसमें काव्य–गत सभी लक्षण विद्यमान है काव्य पूरा रोमाञ्चक है जिसमें कभी विवाह, कभी युद्ध, कभी

गृह त्याग, कभी तपस्या एवं कभी उपसर्ग के समय का वर्णन मिलता है ।

महाकवि ब्रह्म जिनदास के शिष्य ब्रह्म गुणकीत्ति इस पुष्प के तीसरे कवि हैं जिनका परिचय भी साहित्य जगत् को प्रथम बार मिल रहा है । रामसीतारास एक खण्ड काव्य है जो राजस्थानी भाषा की अत्यधिक सुन्दर कृति है । महाकवि तुलसीदास के १४० वर्ष पूर्व रचित यह एक लघु रामायण है जो अपने गुरु महाकवि ब्रह्म जिनदास के रामरास का मानों लघु संस्करण है । रामसीतारास भाव, भाषा, शैली एवं विषय की दृष्टि से उत्तम कृति है ।

चौथे कवि भ. यशःकीर्ति हैं जिनके दो पद एवं दो लघु रचनायें प्रस्तुत ग्रंथ में दिये गये हैं ।

ब्रह्म यशोधर पांचवें कवि हैं जो भ. यशःकीर्ति के प्रशिष्य एवं विजयसेन के शिष्य थे । भ. यशोधर अपने युग के जबरदस्त प्रभावशाली कवि थे जिनका समस्त जीवन साहित्य सेवा में समर्पित रहता था । यद्यपि वे भट्टारक नहीं थे किन्तु उनकी ख्याति एवं सम्मान किसी भट्टारक में कम नहीं था । साहित्य रचना के क्षेत्र में तो वे अपने गुरु से भी आगे थे । उन्होंने चुपई संज्ञक काव्य लिखा, नेमिनाथ, वासुपूज्य एवं मल्लिनाथ पर स्तुति परक गीत लिखे, अपने गुरु की प्रशंसा में विजयकीत्ति गीत लिखा जिसे एक ऐतिहासिक गीत भी कहा जा सकते हैं, एवं विभिन्न राग रागनियों में नेमि राजुल से सम्बन्धित पद लिखे । बलिभद्र चुपई एक ऐसा प्रबन्ध काव्य है जिसमें कवि की काव्य प्रतिभा के स्थान २ पर दर्शन होते हैं । नेमिनाथ गीत में कवि ने गागर में सागर भरने जैसा कार्य किया है । वर्णन इतना रोचक है कि पढते ही कवि के प्रति श्रद्धा के भाव जाग्रत होते हैं । भ. यशोधर द्वारा अपनी कृतियों में शब्दों का चयन भी पूर्ण विद्वत्ता के साथ किया है । कवि ने नेमिनाथ गीत में पान बीडी का उल्लेख किया है । विवाह में पानों का बीड़ा देकर बरातियों का स्वागत करने की प्रथा है जो १५वीं शताब्दि में भी यथावत थी । इसी तरह 'लू' शब्द के लिये 'लूय' का प्रयोग किया है । लूय शब्द ठेठ राजस्थानी भाषा का शब्द है ।

भाषा के अध्ययन की दृष्टि से इन पांचों ही कवियों की रचनायें महत्वपूर्ण हैं । जैन कवि अपनी रचनायें सरल बोलचाल की भाषा में निबद्ध करते रहे हैं । यद्यपि वे काव्य गत लक्षणों के आधार पर रचनायें निबद्ध करने में विश्वास नहीं रखते थे लेकिन फिर भी उनकी कृतियों राजस्थानी हिन्दी की अमूल्य कृतियां है

---

१. चोवा चंदन छडा फूलडा रे पान बीडीय अमूल/सा./४०/पृष्ठ संख्या २०१.

२. उन्हालि लू ऊन्ही वाय, तपन ताप तनु सह्यु न जाय ।। १७२/ ,, १६१.

और उनमें वे सभी तत्त्व उपलब्ध होते हैं जो किसी एक काव्य में मिलने चाहिये।

प्रस्तुत पुष्प में पांच कवियों की अब तक उपलब्ध सभी ३७ कृतियों के पाठ दिये गये है जिनमें से अधिकांश कृतियां प्रथम बार सामने आयी हैं। वास्तव में जैन ग्रंथागारों में राजस्थानी/हिन्दी ने अभी तक सैंकड़ों कृतियां हैं जिनके अस्तित्व का हमें पता नहीं है परिचय मिलना तो बहुत दूर की बात है। राजस्थान एवं गुजरात के शास्त्र भण्डारों में इन पांच कवियों की और भी कृतियां मिल सकती है।

आभार

पुस्तक के सम्पादक में डा. महेन्द्रसागर जी प्रचंडिया अलीगढ़, भाषा–शास्त्री श्री नाथूलाल जी जैन एडवोकेट जयपुर एवं श्रीमती डा. कोकिला सेठी का जो सहयोग मिला है उसके लिये में उनका पूर्ण आभारी हूं। डा. प्रचंडिया जी ने सम्पादकीय लिखा है जो कितने ही दृष्टियों में अत्यधिक महत्वपूर्ण है। मैं अकादमी से सम्पादक मंडल के प्रमुख सदस्य एवं सहयोगी पं. अनूपचन्द जी न्यायतीर्थ का भी आभारी हूँ जिनका मुझे साहित्यिक कार्यों में पूर्ण सहयोग मिलता रहता है।

डा. कस्तूर चन्द कासलीवाल

अमृत कलश; किसान मार्ग
बरकत कालोनी
टोंक फाटक जयपुर,

८ अगस्त १९८२

विषय सूची

क्रम संख्या	पृष्ठ संख्या
१. श्री महावीर ग्रन्थ अकादमी का परिचय	
२. संरक्षक की ओर से	
३. सम्पादकीय	
४. लेखक की कलम से	
५. पूर्व पीठिका	१–२
६. आचार्य सोमकीर्ति	३–३२
कृतियां : (१) श्रेपनक्रिया गीत	२८
(२) आदिनाथ विनती	२९
(३) मल्लिजिन गीत	३०–३२
(४) यशोधर रास	३४–७३
(५) गुरु नामावली	७४–८६
(६) रिषभनाथ की धूलि	८७–९१
(७) लघु चितामणी पार्श्वनाथ जयमाल	९२
७ कविवर सांगु	९३–१०३
(८) सुकोसलराय चुपई	१०४–११९
८. ब्रह्म गुणकीर्ति	१२०–१२९
(९) रामसीतारास	१३०–१५६
९. भट्टारक यशःकीर्ति	१५७–१५९
(१०-११) यशःकीर्ति के पद	१५९–९०
(१२) योगी वाणी	१९१
(१३) चौबीस तीर्थंकर भावना	१९१–१९३

१०. ब्रह्म यशोधर १६४–१७६

(१४) बलिभद्र चपई १७७–१८३

(१५) विजयकीर्ति गीत १८४–१८५

(१६) वासुपूज्य गीत १८५–१८६

(१७) वैराग्य गीत १८७

(१८-१९) नेमिनाथ गीत (२) १८७–२०२

(२०) मल्लिनाथ गीत २०३–२०४

(२१-३७) पद साहित्य (१७ पद) २०४–२१३

११. अनुक्रमणिकाएं २१४

पूर्व पीठिका

इस भाग में संवत् १५१५ से १५६० तक होने वाले पांच हिन्दी जैन कवियों का जीवन, इतिहास एवं उनका मूल्यांकन प्रस्तुत किया जा रहा है। ये कवि हैं आचार्य सोमकीर्ति, सांगु, यशःकीर्ति, गुणकीर्ति, एवं ब्रह्म यशोधर। इसके पूर्व दूसरे भाग में हमने संवत् १५४० से १६०० तक के प्रतिनिधि कवियों—बूचराज, छीहल, ठक्कुरसी, चतुरुमल एवं गारवदास का जीवन परिचय एवं उनकी कृतियों का मूल्यांकन प्रस्तुत किया था साथ ही में उन कवियों की सभी छोटी बड़ी कृतियों के के पाठ भी दिये थे जिससे सभी पाठक गण उसके काव्यों का रसास्वादन कर सके।

संवत् १५१५ से १५६० तक के काल को हिन्दी साहित्य के इतिहास में दो भागों में विभक्त किया है। मिश्रबन्धु विनोद ने संवत् १५६० तक के काल को आदि-काल माना जाता है तथा १५६१ से आगे वाले काल को अष्टछाप कवियों के नाम से सम्बोधित किया है। रामचन्द्र शुक्ल ने भी इस काल का अष्टछाप नामकरण किया है। लेकिन वास्तव में यह काल भक्ति युग का आदिकाल था। एक ओर गुरु नानक एवं कबीर जैसे संत कवि अपनी कृतियों से जन-जन को अपनी ओर आकृष्ट कर रहे थे तो दूसरी ओर आचार्य सोमकीर्ति, भट्टारक यशः कीर्ति, सांगु एवं ब्रह्म यशोधर जैसे हिन्दी भाषा के जैन कवि अपनी कृतियों के माध्यम से समाज में अर्हद् भक्ति, पूजा, एवं प्रतिष्ठाओं का प्रचार कर रहे थे। समाज में भट्टारक परम्परा की नींव गहरी हो रही थी। उनकी जगह-जगह गादियां स्थापित होने लगी थी। भट्टारक गण एवं उनके शिष्य भी अपने आपको भट्टारक के साथ-साथ मुनि, आचार्य, उपाध्याय, एवं ब्रह्मचारी सभी नामों से संबोधित करने लगे थे। साथ ही में वे सब संस्कृत के साथ-साथ राजस्थानी एवं हिन्दी भाषा को अपनी अभिव्यक्ति का माध्यम बना रहे थे। देश पर मुसलमानों का राज्य था जो अपनी प्रजा पर मनमाने जुल्म ढा रहे थे। ऐसी स्थिति में भी भट्टारकों एवं उनके शिष्यों ने समाज के मानस को बदलने के लिए तत्कालीन लोक भाषा में छोटे बड़े रास काव्यों, का पद एवं स्तवनों का निर्माण किया। दूसरे भाग में निर्दिष्ट कवियों के अतिरिक्त इन ४५ वर्षों में १५ से भी अधिक जैन एवं जैनेतर कवि हुए जिनमें कुछ के नाम निम्न प्रकार है—

जैन कवि		जैनेतर कवि	
१. आचार्य सोमकीर्ति	सं. १५१८	१. गुरुनानक	सं. १५२६–१५९६
२. कनककलशसूरि	सं. १५३०	२. कबीरदास	,, १५७५ से पूर्व
३. उपाध्याय ज्ञान सागर	सं १५३१	३. चरणदास	,, (१५३६)
४. भट्टारक यशःकीर्ति	सं १५३८	४. अनन्तदास	,, (१५५८)
५. ब्रह्म यशोधर	सं १५८५ से पूर्व	५. हरिराम	,, (१५५८)
६. सांगु कवि	सं. १५५०	६. पुरुषोत्तम	,, (१५५८)
७. गुणकीर्ति	सं १५२०		
८. संवेग सुन्दर उपाध्याय	सं. १५४८		
९. वाचक मतिशेखर			

गुरु नानक एवं कबीरदास से सभी परिचित हैं। ये कवि भारतीय जन मानस के कवि बन चुके हैं। अनन्तदास कबीर के शिष्यों में से थे जिन्होंने रैदास की परिचई कबीरदास की परिचई एवं त्रिलोचनदास की परिचई जैसे काव्यों की रचना की। हरिराम की गीताभानु प्रकाश (सं १५५८) तथा पुरुषोत्तम की धर्माश्वमेध (सं. १५५८) रचनायें मिलती हैं। इसी समय कुतवन शेख ने मृगावती तथा सेन कवि ने भी अपनी कविताओं के माध्यम से भक्ति रस की धारा को प्रवाहित किया।[1]

जैन कवियों में ज्ञानसागर ने संवत् १५३१ में श्रीपालरास की रचना की थी[1] इसकी एक प्रति राजस्थान प्राच्य विद्या प्रतिष्ठान जोधपुर में उपलब्ध है। संवेगसुन्दर उपाध्याय ने संवत् १५४८ में सारसिखामन रास की रचना की थी तथा रामचन्द्र सूरि ने रजर्षि चरित की संवत् १५५० में रचना की थी। यह समय महाकवि ब्रह्म जिनदास से प्रभावित युग था जिन्होंने पचास से भी अधिक रासकाव्यों की रचना करके एक नया कीर्तिमान स्थापित किया था। इसलिए अधिकांश जैन कवि उन्हीं के पद चिह्नों पर चलकर रास नामान्तक काव्यों की रचना करने में लगे हुए थे।

---

१. मिश्र बन्धु विनोद-प्रथम भाग-पृष्ठ संख्या 111–113

आचार्य सोमकीर्ति

आचार्य सोमकीर्ति इस काल के प्रमुख प्रतिनिधि कवि थे । वे अपने युग के उद्भट विद्वान प्रमुख साहित्य सेवी एवं सर्वोच्च सन्त थे । वे योगी थे । आत्म साधना में तल्लीन रहते और अपने शिष्यों एवं अनुयायियों को उस पर चलने का उपदेश देते थे । वे प्रवचन करते, साहित्य सर्जन करते एवं अपने शिष्यों को साहित्य निर्माण करने की प्रेरणा देते । सोमकीर्ति प्राकृत, संस्कृत, राजस्थानी, गुजराती एवं हिन्दी के प्रकांड विद्वान थे । उन्होंने संस्कृत एवं हिन्दी दोनों ही भाषाओं को अपनी रचनाओं से उपकृत किया । उनका राजस्थान एवं गुजरात दोनों ही प्रमुख क्षेत्र रहे तथा जीवन भर इन क्षेत्रों में विहार करके जन-जन के जीवन को आत्म-साधना एवं अर्हद् भक्ति की ओर मोड़ते रहे । उनकी प्रेरणा से कितने ही मन्दिरों का निर्माण संपन्न हुआ । बीसों पञ्चकल्याणक प्रतिष्ठाएं उनके निर्देशन में संपन्न हुई तथा हजारों जिन प्रतिमाएं प्रतिष्ठित होकर राजस्थान एवं गुजरात के विभिन्न मन्दिरों में विराजमान की गई । आचार्य सोमकीर्ति श्रमण संस्कृति, साहित्य एवं शिक्षा के महान् प्रचारक थे । ऐसे सन्त पर किस समाज एवं राष्ट्र को गर्व नहीं होगा ।

लक्ष्मीसेन के दो शिष्य थे । एक भीमसेन एवं दूसरे धर्मसेन । दोनों ने ही अपनी अलग-अलग भट्टारक गादियां स्थापित की थी । इन्हीं भीमसेन के सोमकीर्ति प्रमुख शिष्य थे । काष्ठासंघ की एक गुरुनामावली में भीमसेन का परिचय निम्न प्रकार दिया गया है :—

> श्री लक्ष्मसेन पट्टोधरण पावपंक छिपि नहीं ।
> जे नरह नरिंदे वन्दियि, श्री भीमसेन मुनिवर सही ।।2।।
> सुरगिरि सिरि कौ चड़ पाउकरि प्रतिकलवंतो
> कोवि रणीयर तीर, पुहत जय तरंतो ।
> कोई आयास प्रमाण, हत्थ करि गाहि कमंतो ।।
> कट्ठसंघ संघगुण परिलहि दुविह कोईलहंतो
> श्री भीमसेन पट्टह धरण गच्छ सिरोमणि कुलतिलो
> जाणंति सुजाणह जाण नर श्री सोमकीर्ति मुनिवर भलौ ।।3।।

सोमकीर्ति भीमसेन के कब संपर्क में आये तथा प्रारम्भ में उनके पास कितने वर्षों तक रहे इसकी जानकारी नहीं मिलती । इसके अतिरिक्त सोमकीर्ति के माता-पिता, जन्मस्थान, एवं शिक्षा-दीक्षा के बारे में भी कोई इतिहास उपलब्ध नहीं होता । लेकिन इतना अवश्य है कि उन्हें संवत् १५१८ में काष्ठासंघ नन्दीतट गच्छ की भट्टारक गादी पर अभिषिक्त किया गया था । उस दिन आषाढ़ सुदी अष्टमी थी । वे

८७ में भट्टारक थे।[1] उनका पट्टाभिषेक गुजरात के सोजित्रा नगर में शांतिनाथ के मन्दिर में हुआ था। भट्टारक श्री भूषण ने सोजित्रा का वर्णन करते हुए लिखा है—

श्रीगुर्जरे प्रस्ति पुरं प्रसिद्ध सोजित्र नमाभिधमेवसारं[2]। सोजित्रा जैनधर्म एवं संस्कृति का केन्द्र था तथा काष्ठा संघ के भट्टारकों की यहां गादी थी। सोमकीर्ति संवत् १५१८ से प्रकाश में आये और अपने अन्तिम जीवन तक समाज के जगमाते नक्षत्र रहे। श्री जोहरापुरकर ने अपने भट्टारक सम्प्रदाय में इनका समय संवत् १५२६ से १५४० तक दिया है जो इस पट्टावली से मेल नहीं खाता। संभवतः उन्होंने यह समय इनकी संस्कृत रचना सप्तव्यसनकथा के आधार पर दिया मालुम देता है क्योंकि कवि ने इसे संवत् १५२६ में समाप्त की थी।

सोमकीर्ति ने भट्टारक गादी पर बैठते ही गुजरात एवं राजस्थान के विभिन्न भागों में विहार किया तथा जन-जन से सम्पर्क करके उन्हें अहिंसा धर्म के परिपालन पर जोर दिया। उस समय देहली पर लोदी वंश का राज्य था। बहलोल लोदी दिल्ली का सुलतान था। ये मुस्लिम शासक इतने धर्मान्ध एवं असहिष्णु थे कि उन्हें मन्दिरों, मूर्तियों एवं ग्रन्थों के विध्वन्स के अतिरिक्त कुछ भी अच्छा नहीं लगता था। हिन्दुओं एवं जैनों में इतना भय व्याप्त था कि उन्हें अर्हद् भक्ति के अतिरिक्त कुछ भी नहीं दिखता था। भट्टारक उनके संरक्षक थे जिनका सम्बन्ध इन बादशाहों से भी अच्छा था। भट्टारक सोमकीर्ति के लिये ब्रह्म श्रीकृष्णदास ने लिखा है कि वे "यवनपतिकरांभोज संपूजितांध्रि थे अर्थात् भट्टारक सोमकीर्ति का यवन बादशाह भी सम्मान करते थे। इससे सोमकीर्ति के प्रभाव एवं यश में और भी वृद्धि हो गई। पहिले सन्त फिर प्रकाण्ड विद्वान, वक्ता और फिर बादशाह पर हाथ। वे तो सर्वगुण सम्पन्न हो गये। वे अत्यधिक प्रभावशाली थे। जहां विहार होता वहीं उनके भक्त बन जाते। साहित्य रचना वे स्वयं करते और समाज से व्रत विधान एवं प्रतिष्ठा विधान कराते। राजस्थान के मन्दिरों में उनके द्वारा प्रतिष्ठित पचासों मूर्तियां मिलती हैं। मूलसंघ के क्षेत्र में काष्ठासंघ का इतना जबरदस्त प्रभाव उनके स्वयं के व्यक्तित्व का सुपरिणाम था।

---

१. पनरहसिअठार मास आषाढह जाणु
   शुक्रवार पंचमी बहुल पक्षह परवाणु।
   पुव्वाभद्द नक्षत्र श्री सोमकीर्ति पुरवरि
   सन्यासी पर पाट तणु प्रबन्ध जिणि परि॥

प्रतिष्ठा विधान

संवत् १५१८ में वे भट्टारक पद पर आसीन हुए। इसके पश्चात् उन्होंने देश में पञ्च कल्याणक प्रतिष्ठाएं सम्पन्न करवाने में रुचि ली।

डूंगरपुर जिले के सुरपुर (सुर्यपुर) के मन्दिर में शीतलनाथ स्वामी की ४०''×४८'' अवगाहना वाली श्याम पाषाण की भट्टारक सोमकीर्ति द्वारा संवत् १५२२ में प्रतिष्ठित प्रतिमा है। इस प्रतिष्ठा में आचार्य श्री वीरसेन उनके सहायक थे तथा प्रतिष्ठा कराने वाले पंडित पदमा, समधर, खेड्या सा. लक्ष्मा भीमा आदि श्रावक थे। राजस्थान में यह प्रथम मूर्ति है जो सोमकीर्ति द्वारा प्रतिष्ठित प्राप्त हुई है।[1]

संवत् १५२५ में इन्हीं के द्वारा प्रतिष्ठित जयपुर के समीप जयसिंहपुरा खोर के मन्दिर में भगवान पार्श्वनाथ की श्वेत पाषाण की प्रतिमा है। जयसिंहपुरा खोर प्राचीन समय में जैनों का प्रसिद्ध केन्द्र था। पहाड़ियों के मध्य में स्थित होने से कारण यह साधुओं के लिए चिन्तन मनन का अच्छा केन्द्र था। जयपुर का क्षेत्र मूल-संघ के भट्टारकों का गढ़ रहा है। इसलिए काष्ठासंघ के भट्टारकों द्वारा प्रतिष्ठित मूर्ति को विराजमान करना सोमकीर्ति एवं उनके शिष्यों के प्रभाव को सूचित करता है।

इसके पश्चात् संवत् १५२७ वैशाख सुदी ५ को इन्हीं भट्टारक द्वारा प्रतिष्ठित चौबीसी की प्रतिमा जयपुर के सिरमोरियों के मन्दिर में एवं दि० जैन मन्दिर संभवनाथ उदयपुर में विराजमान हैं। दोनों चौबीसियों में आदिनाथ स्वामी की मूलनायक प्रतिमा है। यह प्रतिष्ठा नरसिंहपुरा जातीय श्रावक द्वारा सम्पन्न करवायी गयी थी। आचार्य वीरसेन भट्टारक सोमकीर्ति के सहयोगी थे।[2]

---

१. संवत् १५२२ वर्षे पौष सुदी ५ तिथौ श्री काष्ठासंघे भट्टारक सोमकीर्ति प्रतिष्ठितं श्री शीतलनाथ बिम्बं पंडित पदमा समधर खेड्या सा० लक्षमा भीमा कारापितं शिष्य आचार्य श्री वीरसेन युक्तः।

२. संवत् १५२७ वर्षे वैशाख बदी ५ गुरौ श्री काष्ठासंघे नन्दीतटगच्छे विद्यागणे भट्टारक श्री सोमकीर्ति आचार्य श्री वीरसेनयुग के प्रतिष्ठितं नरसिंहपुरा जातीय पडनहरगोत्रे सा. मोहनपी भार्या तेजु पुत्र ५ कडुआ भार्या २ छाछुआ, रुपा। भार्या रुपा पुत्र भाऊ पुत्र जुठउ नांदू पुत्र २ संवरु। सी. हलुवी भार्या लक्ष्मी पुत्र सरवण सा. सुदरा भार्या भासु मो. सहद्वराम भार्या लालू साकडआ, खेमाआ कावण श्री आदिनाथ बिम्बं करापितं।

भट्टारक सोमकीर्ति ने संवत् १५३३ फागुण शुक्ला ७ बुधवार को फिर एक पञ्चकल्याणक प्रतिष्ठा का नेतृत्व किया। जयपुर के ठोलियों के मंदिर में भगवान पार्श्वनाथ की धातु की उक्त पञ्चकल्याणक में प्रतिष्ठित मूर्ति विराजमान है।[1] इसके एक वर्ष पूर्व संवत् १५३२ में भी वीरसेन सूरि के साथ एक शीतलनाथ की मूर्ति का प्रतिष्ठा करवायी थी।[2]

संवत् १५३५ माघ सुदी ५ को सोमकीर्ति अहमदाबाद गये। वहां विशाल स्तर पर ५२ जिन बिम्बों की प्रतिष्ठा की गयी। इस प्रतिष्ठा में भी सोमकीर्ति के साथ आचार्य वीरसेन और उनके शिष्य ब्र. नाना प्रमुख थे। प्रतिष्ठा कराने वाले थे प्रागवाट जातीय..........राणीसुत जोगदास।[3]

यद्यपि भट्टारक सोमकीर्ति का काल मुस्लिम काल था जिसमें मन्दिर एवं मूर्ति को तोड़ना जिहाद समझा जाता था लेकिन सोमकीर्ति का अपना प्रभाव था। वे श्रावकों के लिये रक्षक का कार्य करते थे तथा धार्मिक विधि विधानों को बड़े ठाट से सम्पन्न कराया करते थे। संवत् १५३६ में इन्होंने दो प्रतिष्ठाओं को अपना आशीर्वाद प्रदान किया। सर्व प्रथम वैशाख सुदी १० बुधवार को चतुर्विंशति तीर्थंकर प्रतिमा की प्रतिष्ठा करायी इसमें प्रतिष्ठाकारक थे हूंबड जातीय वध गोत्र वाले गांधी भूपा भार्या राज सुत गांधीमना। मनागांधी की धर्मपत्नी का नाम काऊ था तथा पुत्र एवं पुत्र वधु का नाम रडा एवं जाडिकी था। वर्तमान में चौबीसी की प्रतिमा जयपुर के पाण्डे लूणकरण जी के मन्दिर में विराजमान है। जयपुर के पहिले यह प्रतिमा संभवतः आमेर में होगी। इससे यह पता चलता है कि बागड प्रदेश में सम्पन्न इस प्रतिष्ठा में आमेर, सांगानेर के जैन बन्धु भी सम्मिलित हुए थे। इस प्रतिष्ठा में भी भट्टारक सोमकीर्ति के प्रमुख शिष्य आचार्य वीरसेन साथ थे। इसी वर्ष दूसरी प्रतिष्ठा माघसुदी १५ गुरुवार को नरसिंह जातीय सापडिया

---

१. संवत् १५३३ वर्षे फागुण शुक्ला ७ बुधे श्री काष्ठासंघे नंद्याम्नाये भ. भीमसेन तत्पट्टे भ. श्री सोमकीर्ति प्रणमति।

२. संवत १५३२ वर्षे वैसाख सुदि ५ रवौ काष्ठासंघे नंदीतट गच्छे भ. श्री भीमसेन तत्पट्टे सोमकीर्ति आचार्य श्री वीरसेनसूरी युक्त प्रतिष्ठितं नरसिंह जातीय बोरडेक गोत्रे चापा भार्या परमू। भट्टारक सम्प्रदाय–पृष्ठ २९५

३. संवत् १५३५ वर्षे माघसुदी ५ गुरौ श्री काष्ठासंघे नंदितट गच्छे विद्यागणे भट्टारक श्री भीमसेन तत्पट्टे भ. श्री सोमकीर्ति शिष्य आचार्य श्री वीरसेन युक्तैः प्रतिष्ठितं अहमदाबाद वास्तव्ये श्री प्रागवाट जातीय.......... राणी सुत जोगदासेन आचार्य श्री वीरसेन।

गोत्र वाले साह खेभारा भांभू के पुत्र सीवा ने सम्पन्न करायी थी। नरसिंहपुरा जाति प्रतापगढ़ की ओर रहती है। इसलिए सोमकीर्ति ने उधर ही किसी स्थान पर यह प्रतिष्ठा सम्पन्न करायी होगी। इस प्रतिष्ठा में उनके शिष्य वीरसेन प्रमुख थे। चौबीसी की एक प्रतिमा जयपुर के ही चौधरियों के मन्दिर में विराजमान है। चौबीसी में श्रेयान्स नाथ स्वामी की मूलनायक प्रतिमा है।[5]

प्रतिष्ठाओं का यह क्रम बराबर चलता रहा। भट्टारक सोमकीर्ति ने अपने जीवन में कितनी प्रतिष्ठाएं सम्पन्न करायी इसकी निश्चित संख्या बतलाना तो कठिन है क्योंकि राजस्थान के अभी सैंकड़ों मंदिर ऐसे हैं जिनके मूर्ति लेखों पर कार्य नहीं हो सका है लेकिन इतना अवश्य है कि अपने २५ वर्ष के भट्टारक काल में सोमकीर्ति ने ५० से अधिक पंचकल्याणक प्रतिष्ठाएं सम्पन्न करायी होंगी। अंतिम प्रतिष्ठा जिसका हमें उल्लेख मिला है वह है संवत् १५४० की वैशाख बुदी १० के शुभ दिन की प्रतिष्ठा जिसको नरसिंहपुरा जातीय मोकलवाड़ सा. महिपा एवं उसके परिवार के सदस्यों ने सम्पन्न करायी थी। इस प्रतिष्ठा में प्रतिष्ठित भगवान संभवनाथ की एक प्रतिमा उदयपुर के दि. जैन मन्दिर संभवनाथ में विराजमान है। ऐसा मालूम होता है कि इस मंदिर का नामकरण इसी प्रतिष्ठा के साथ जुड़ा हुआ है।

विहार—

भट्टारक सोमकीर्ति कभी एक स्थान पर जम के नहीं रहे। उनका अधिकांश समय एक नगर से दूसरे नगर में विहार करने में ही सम्पन्न हुआ। राजस्थान एवं गुजरात प्रदेश के ग्राम एवं नगर उनके विहार के प्रमुख स्थान थे। कभी वे विधान सम्पन्न कराने जाते तो कभी प्रवचन के लिये उन्हें जाना पड़ता। कभी समाज पर आने वाली विपत्तियों को निवारणार्थ वे जाते तो कभी अपनी कृतियों के विमोचन समारोह में सम्मिलित होते। उनके विशाल व्यक्तित्व के सहारे समाज अपने आपको आश्वस्त मानता था। 'सोजित्रा' नगर उनका प्रमुख केन्द्र था। यहां उनकी गादी थी और पट्टाभिषेक हुआ था। मारवाड़ का गूढली नगर भी उनकी गतिविधियों का केन्द्र था। वहां शीतलनाथ स्वामी का मंदिर था जिसमें उनकी भट्टारक गादी थी। यशोधर

---

१. संवत् १५३६ वर्षे माघ सुदी १५ गुरौ श्री काष्ठासंघे नंदितटगच्छे विद्यागणे भट्टारक श्री भीमसेन तत्पट्टे भट्टारक श्री सोमकीर्ति शिष्य आचार्य श्री वीरसेन युक्तैः प्रतिष्ठितं नरसिंह जातीय सापडिया गोत्रे सा. खेभारा भांभू पुत्र लीवा भार्या लाडी पुत्र ४ मोड़ण रणधीर खिवादेवा सा. शिवा श्री श्रेयान्स नित्यं प्रणमति।

राम एवं यशोधर चरित्र दोनों को उन्होंने इसी नगर एवं मन्दिर में समाप्त किया था।

स्वागत

आचार्य सोमकीर्ति का जब विहार होता तो समाज में आनन्द का वातावरण छा जाता। हजारों स्त्री-पुरुष नगर के बाहर उनके स्वागत के लिए एकत्रित होते और बड़े समारोह पूर्वक उनको अपने यहां ले जाते। विविध वाद्य यंत्र बजाये जाते और बधावा गाये जाते। स्त्रियां कलश लेकर उनका स्वागत करती। उनकी आरती उतारी जाती। इस प्रकार सोमकीर्ति का विहार समाज में एक नये उत्साह को लेकर आता।

व्यक्तित्व

वे स्वयं विशाल व्यक्तित्व के धनी थे। उनके दर्शन मात्र से ही विरोधियों का मद गल जाता। जब वे प्रवचन करते तो श्रोताओं को अध्यात्म रस में डुबो देते। कथाओं के माध्यम से अपनी बात कहते तो लोगों को अर्हद पूजा, दर्शन एवं स्तवन का महात्म्य बतलाते। जीवन को सप्त व्यसनों से रहित बनाने पर जोर देते। भट्टारक रामसेन एवं भट्टारक भीमसेन दोनों का ही उन्हें आशीर्वाद प्राप्त था। वे संस्कृत, प्राकृत, गुजराती, राजस्थानी एवं हिन्दी के जबरदस्त विद्वान थे। वे वक्ता एवं लेखक दोनों ही थे। एक ओर वे संस्कृत में काव्य रचनाएं करते तो वहीं राजस्थानी में उससे भी अधिक काव्य कृतियां लिखना उनके लिए बहुत सरल कार्य था। वे किसी भी क्षेत्र में अपने आपको योग्यतम सिद्ध करते। यही कारण है कि तत्कालीन मुस्लिम शासक भी उनका पूर्ण सम्मान करते थे और उनका गुणानुवाद करते। समाज पर उनका वर्चस्व स्थापित था इसलिए जो भी कार्य चाहते उसे वे सरलता से सम्पन्न करा देते।

कृतित्व—

आचार्य सोमकीर्ति संस्कृत एवं राजस्थानी दोनों के ही प्रकाण्ड विद्वान एवं लेखनी के धनी थे इसलिए दोनों ही भाषाओं में उन्होंने रचनायें निबद्ध की है। उनकी संस्कृत एवं राजस्थानी कृतियों के नाम निम्न प्रकार है—

संस्कृत रचनाएं

१. सप्तव्यसन कथा समुच्चय
१' प्रद्युम्न चरित्र
३. यशोधर चरित्र।

४. अष्टाह्निका व्रत कथा ।
५. समवसरण पूजा ।

राजस्थानी रचनाएं

१. यशोधर रास ।
२. गुरु नामावली ।
३. रिषभनाथ की धूल ।
४. त्रेपन क्रिया गीत ।
५. आदिनाथ विनती ।
६. मल्लिगीत ।
७. चिन्तामणी पार्श्वनाथ जयमाल ।

सोमकीर्ति की संस्कृत रचनाओं का सामान्य परिचय निम्न प्रकार है—

१. सप्तव्यसन कथा समुच्चय

यह कथा साहित्य की अच्छी कृति है। कथा समुच्चय में सात व्यसनों के आधार पर सात कथाएं दी हुई हैं। सात व्यसनों में जुआ खेलना, चोरी करना, शिकार खेलना, वेश्या सेवन, परस्त्री सेवन, मद्यपान, एवं मांस खाने को गिनाया गया है। इसमें सात सर्ग हैं। पूरी कृति दो हजार सडसठ श्लोकों में बनाकर समाप्त की गयी है। कथा समुच्चय भट्टारक रामसेन की कृपा से रचित ग्रन्थ है। कवि ने इसे संवत् १५२६ में समाप्त किया था। संभवतः कवि की यह संस्कृत में निबद्ध प्रथम रचना है। राजस्थान के जैन शास्त्र भण्डारों में सप्तव्यसनकथा की पचासों प्रतियां मिलती है जो इसकी लोकप्रियता की ओर संकेत करती हैं। सबसे प्राचीन प्रति डूंगरपुर के शास्त्र भण्डार में है जो संवत् १६०५ की लिखीहुई है।[1] कथा समुच्चय का अन्तिम भाग निम्न प्रकार है—

> नन्दीतटाके विदिते हि संघे श्रीरामसेनस्य पदप्रसादात् ।
> विनिर्मितो मंदधिया ममायं विस्तारणीयो भुवि साधुसंघैः ।।६९।।
>
> यो वा पठति विमृश्यति भव्योपि (शु) भवनायुक्तः ।
> लभते स सौख्यमनिशं ग्रन्थं (श्री) सोमकीर्तिनारचितं ।।७०।।

---

१. राजस्थान के जैन शास्त्र भण्डारों की ग्रन्थ सूची भाग पञ्चम-पृष्ठ संख्या ४९२ ।

रसनयनसमेते बाणयुक्तेन चन्द्रे (१५२६)
गतवति सति नूनं विक्रमस्यव काले ।
प्रतिपदि धवलायां माघ-मासस्य सोमे ।
हरिभदिनमनोज्ञे निर्मितो ग्रन्थ एषः ।।७१।।

सहस्रद्वयसंख्योऽयं सप्तषष्ठिसमन्वित: (२०६७) ।
सप्तैव व्यसनाद्यश्च कथासमुच्चयो ततः ।।७२।।

यावत्सुदर्शनो मेरुर्यावच्च सागराधरा ।
तावन्नन्दत्वयं लोके ग्रन्थो भव्यजनाश्रित: ।।७३।।

इति श्री इत्यार्षे भट्टारक-श्री धर्मसेनाभः श्री भीमसेन देवशिष्य-आचार्य सोमकीर्ति-विरचिते सप्तव्यसनकथासमुच्चये परस्त्रीव्यसनफलवर्णनो नाम सप्तमः सर्गः । इति सप्तव्यसनचरित्रकथा संपूर्णा ।

२. प्रद्युम्न चरित्र

प्रद्युम्न का जीवन चरित्र जैन कवियों के लिये बहुचर्चित रहा है । अब तक अपभ्रंश, संस्कृत, राजस्थानी एवं हिन्दी भाषा में २५ कवियों के प्रद्युम्न चरितों का पता लगाया जा चुका है[1] इस काव्य में श्रीकृष्ण के पुत्र प्रद्युम्न के जीवन का वर्णन किया गया है । प्रद्युम्न की माता रुक्मणी थी । प्रद्युम्न की गिनती पुण्य पुरुषों में की जाती है । प्रस्तुत प्रद्युम्न चरित्र १६ सर्गों में विभक्त है जिसका रचनाकाल संवत् १५३१ पौष बुदी १३ बुधवार है । यह काव्य कवि ने अपने गुरु भट्टारक भीमसेन के प्रसाद से लिखा था ।

श्री भीमसेनस्य पदप्रसादात् सोमादिसत्कीर्तियुतेन भूमौ ।
रम्यं चरित्रं विततं स्वभक्त्या संशोध्य भव्यैः पठनीयमेतत ।।१६८।।

संवत्सरे सत्तिथिसंज्ञके वै वर्षेऽत्र त्रिंशैकयुते (१५३१) पवित्रे ।
विनिर्मितं पौषसुदेश्च तस्यां त्रयोदशी या बुधवारयुक्ता ।।१६९।।

३. यशोधर चरित्र

भट्टारक सोमकीर्ति ने यशोधर के जीवन पर संस्कृत एवं हिन्दी दोनों में

१. देखिये—प्रद्युम्न चरित की प्रस्तावना पृष्ठ—१२ ।
साहित्य शोध विभाग श्री दि. जैन अ. क्षेत्र श्रीमहावीरजी की ओर से प्रकाशित ।

रचनायें निबद्ध की हैं। इससे पता चलता है कि यशोधर की कथा उस समय बहुत ही लोकप्रिय थी। प्रस्तुत यशोधर चरित्र आठ सर्गों में विभक्त काव्य है जिसका रचना काल संवत् १५३६ है। इसकी रचना कवि ने गोढिल्ल मेदपाट (मेवाड़) में भगवान शीतलनाथ के सुरम्य मन्दिर में की थी। कवि ने इसको निम्न प्रकार लिखा है:—

नन्दीतटाख्यगच्छे वंशे श्री रामसेनदेवस्य।
जातो गुणार्णवैकश्च (श्चैकः) श्री मांश्च (मान्) श्रीभीमसेनेति ॥६१॥

निर्मितं तस्य शिष्येण श्रीयशोधरसंज्ञकं।
श्रीसोमकीर्तिमुनिना विशोध्याऽधीयतां बुधाः ॥६१॥

वर्षे षट्त्रिंशसंख्ये तिथि पहगणनायुक्तसंवत्सरे (१५३६) वै।
पंचम्यां पौषकृष्णे दिनकरदिवसे चोत्तरास्थे हि चन्द्रे।
गोढिल्यां मेदपाटे जिनवरभवने शीतलेन्द्रस्य रम्ये।
सोमादिकीर्तिनेदं नृपवरचरितं निर्मितं शुद्धभक्त्या ॥६२॥

कवि की अष्टाह्निकाव्रत कथा एवं समवसरण पूजा लघु रचनाएं हैं तथा कथा एवं पूजा विषयक हैं।

राजस्थानी कृतियां

भट्टारक सोमकीर्ति की राजस्थानी भाषा में निबद्ध सात रचनाओं की खोज की की जा चुकी है। लेकिन राजस्थान एवं गुजरात के सभी कुछ ग्रन्थ-भण्डारों का सूचीकरण होना शेष है इसलिए संभव है कवि की और भी कृतियों की उपलब्धि हो सके। फिर भी जो कृतियां उपलब्ध हो चुकी है वे कवि की राजस्थानी भाषा पर अगाध विद्वत्ता की द्योतक है। सोमकीर्ति के पास संस्कृत एवं हिन्दी जानने वाले दोनों ही तरह की समाज आती थी इसलिए उन्होंने दोनों ही भाषाओं में काव्य रचना करना श्रेयस्कर समझा। वैसे उस युग में इस तरह की परम्परा भट्टारक सकलकीर्तिने डाली थी और उसका अनुकरण किया महाकवि ब्रह्म जिनदास, भट्टारक ज्ञानभूषण एवं भट्टारक शुभचन्द्र ने। सोमकीर्ति ने भी अपने पूर्ववर्ती मूलसंघ में होने वाले भट्टारकों का अनुसरण किया और अत्यधिक लोकप्रियता प्राप्त की।

कवि द्वारा राजस्थानी भाषा में निबद्ध सात रचनाओं में यशोधर रास सबसे बड़ी कृति है। इस काव्य का रचना काल नहीं दिया हुआ है। हां रचना स्थान का अवश्य उल्लेख किया हुआ है जो मेवाड़ का गुढली नगर है। जहां आपने

संवत् १५३६ में संस्कृत में यशोधर चरित्र की रचना की थी इसलिये यह सम्भव है कि इस काव्य की रचना भी संवत् १५३६ के आसपास ही हुई होगी ।

१. यशोधर रास

राजा यशोधर का जीवन जैन साहित्यकारों के लिए अत्यधिक रुचिकर रहा है। प्राकृत संस्कृत, अपभ्रंश, राजस्थानी एवं हिन्दी सभी भाषा के कवियों ने यशोधर के जीवन पर खूब लिखा है । महाकाव्य, चम्पूकाव्य, खण्ड काव्य, रास काव्य, चौपईबन्ध काव्य, वेलि, फागु एवं चरित नामान्तक सभी तरह के काव्य मिलते हैं । यशोधर के जीवन ने श्रावक समाज को इतना अधिक प्रभावित किया कि जब तक कोई कवि यशोधर के जीवन पर कलम नहीं चला ले तब तक उसे कवियों की कोटि में स्थान मिलना कठिन है । यही कारण है कि अपभ्रंश के महाकवि पुष्पदन्त ने भी जसहरचरिउ छन्दोबद्ध किया तथा आचार्य सोमदेव ने संस्कृत में यशस्तिलक चम्पू लिखकर विद्वानों के समक्ष प्रस्तुत किया । हिन्दी, राजस्थानी में तो बीसों यशोधर चरित लिखे गये हैं जिनमें ब्रह्म जिनदास का यशोधर रास विशेषतः उल्लेखनीय है । आचार्य सोमकीर्ति तो यशोधर के जीवन वृत्त से इतना अधिक प्रभावित थे कि उन्होंने पहले संस्कृत में यशोधर चरित्र एवं फिर राजस्थानी में यशोधर रास की रचना करके जैन कवियों के समक्ष एक अनोखा उदाहरण प्रस्तुत किया ।

रचना काल एवं स्थान

राजस्थानी भाषा में इस रास काव्य को आचार्य सोमकीर्ति ने गुढली नगर में शीतलनाथ स्वामी के मन्दिर में कार्तिक बुदी प्रतिपदा बुधवार के शुभ दिन समाप्त करके जन-जन के समक्ष स्वाध्याय के लिए प्रस्तुत किया ।[1] कवि ने रास काव्य के समाप्ति काल का महिना, वार एवं स्थान तो दिया है लेकिन संवत् का उल्लेख नहीं किया । कवि ने संस्कृत के यशोधर चरित्र की रचना संवत् १५३६ पौष बुद्धि पंचमी रविवार को समाप्त की थी । रचना स्थान दोनों का समान है अर्थात् संस्कृत काव्य को भी गुढली नगर एवं शीतल नाथ स्वामी के मन्दिर में ही लिखा गया था । संस्कृत भाषा में कवि ने काव्य की रचना को अधिक प्राथमिकता

---

१. कातीए उजली पाखि पडिया बुधवार कीउ ए ।
सीतलूए नाथ प्रासादि गुढली नगर सोहामणुं ए ।
रिषि वृद्धिए श्री पास पोसाउ हो जो निति श्री संघह घरिए ।
श्री गुरुए चरण पसाउ श्री सोमकीरति सूरि भणू ए ।।

दी थी इसलिए ऐसा लगता है कि संस्कृत में यशोधर चरित्र की रचना करने के पश्चात् राजस्थानी में यशोधर रास की रचना की थी। इस आधार पर रास की रचना संवत् १५३६ के बाद की मानी जा सकती है।

यशोधर रास को कवि ने सर्गों एवं अध्यायों में विभक्त, नहीं करके ढालों में विभक्त किया है। जिनकी संख्या १० है। इससे दो प्रयोजन सिद्ध हो गये। एक तो काव्य में १० प्रमुख छन्दों—रागों में निबद्ध करना तथा दूसरा ढालों के माध्यम से अध्यायों में विभक्त करना। हिन्दी के अधिकांश जैन कवियों ने इसी परम्परा को अपनाया है। कवि ने ढाल के अन्त में वस्तुबन्ध छन्द का प्रयोग किया जो ढाल समाप्ति का सूचक माना जाता है।

कवि ने रास का प्रारम्भ मंगलाचरण से किया है जिसमें पंच परमेष्ठियों को नमस्कार करने के पश्चात् यशोधर रास रचने का संकल्प व्यक्त किया गया है।

कथा सार

जम्बूद्वीप के भरत क्षेत्र में यौध देश था। वहां राजपुर नगर एवं मारदत्त उसका राजा था। जो सुन्दरता में तथा दान देने में इन्द्र के समान लगता था। वह छह दर्शन के सिद्धांतों पर विचार करता लेकिन कौनसा दर्शन तारने वाले तथा कौनसा डुबाने वाला है इसको वह नहीं जानता था। उसी नगर के दक्षिण दिशा की ओर देवी का मठ था। जहां देश विदेश के स्त्री-पुरुष दर्शनार्थ आते थे। देवी का नाम चण्डमारि था। उसका रूप कज्जल के समान काला था। भक्तगण आसोज, एवं चैत्रमास में, नवरात्रा में उसकी विशेष पूजा करते थे। लोग पशु पक्षियों को लेकर आते थे।

जब चैत्र मास आया सभी पेड़ पौधे पल्लवित एवं पुष्पित हो गये। तभी वहां एक जोगी आया। उसके वहां कितने ही शिष्य शिष्याएं बन गये। मूर्ख लोगों को वह कितनी ही तरह से बहकाने लगा तथा कहने लगा उसको राम, लक्ष्मण, ब्रह्मा, विष्णु, महेश आदि दिखायी देते हैं। यह सुनकर राजा ने भी उसे दरबार में बुलाया। जोगी अपने सात शिष्यों के साथ वहां आया। राजा ने सम्मान पूर्वक उसे आसन दिया। परस्पर में चर्चा हुई और उस जोगी ने कहा कि वह मोहनी, वशीकरण एवं स्तम्भन मन्त्र जानता है, आकाश गामिनी विद्या जानता है, यही नहीं सभी रसायन मन्त्र तन्त्र का वह ज्ञाता है। राजा उसकी बात सुनकर बड़ा प्रसन्न हुआ। और उससे आकाश गामिनी विद्या देने की प्रार्थना की। जोगी ने उसे आशीर्वाद दिया और अपना शिष्य घोषित कर दिया तथा कहा कि चण्डमारी देवी के आगे जितने भी जलचर, थलचर एवं नभचर जीव हैं उनके युगल लाये जावें। इतना सुनते ही राजा ने अपने सेवकों द्वारा सैंकड़ों जीवों के युगल देवी के मन्दिर में लाकर

एकत्रित कर दिये इसमें हरिण, रीछ, हाथी, घोड़े, बकरी, भैंस, गाय, बैल, बगुला, सारस चकवा आदि न जाने कितने जीव थे। राजा मन्दिर में गया और सिंहासन पर बैठ गया। वहां आने पर जोगी ने राजा से कहा कि वह बत्तीस लक्षण युक्त नर युगल का अपने हाथों से बलिदान कर सके तो उसे उसी क्षण देवी की कृपा से आकाशगामिनी विद्या सिद्ध हो जायेगी। राजा ने फिर अपने सेवकों को चारों ओर भेजा।

तीन दिन पूर्व ही दिगम्बर मुनि सुदत्ताचार्य का संघ वहां आया था और वन में ठहर गया था। मुनि के प्रभाव व वह जंगल सघन हो गया। फूल खिल गये और कोयल मधुर गान गाने लगी। इसको देखकर वह मुनि ध्यान के लिये श्मशान में चले गये। श्मशान की विभीत्सता देखते ही डर लगता था। स्थान स्थान पर अस्थियों के ढेर लगे हुए थे। लेकिन मुनि प्रासुक भूमि देखकर वहीं ध्यानस्थ हो गये। उस दिन चैत्र सुदि अष्टमी थी इसलिए उपवास ले लिया। इतने में ही एक क्षुल्लक एवं एक क्षुल्लिका गुरु के पास आये और दोनों प्रोषधोपवास व्रत लेने की प्रार्थना करने लगे। मुनि ने उनकी लघु आयु देखकर नगर में जाकर आहार लेने के लिए कहा। वे दोनों आहार के लिये नगर की ओर चल दिये।

राजा के सेवक भी ऐसे ही नर युगल की तलाश में थे। वे दोनों को देखते ही प्रसन्न हो गये और उनको चण्डमारी देवी के मठ में ले गये। राजा ने उन दोनों को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की लेकिन उनके सलोने रूप को देखकर आश्चर्य प्रगट किया और क्रोधित होकर अपनी तलवार सम्हालने लगा। लेकिन जैसे ही दोनों क्षुल्लक, क्षुल्लिका युगल ने राजा को शुभाशीर्वाद दिया, उसके यश की कामना की तथा करोड़ वर्ष तक जीने का आशीर्वाद दिया इससे राजा का क्रोध कम हुआ। उन दोनों के रूप को देखकर वह दंग रह गया और इतनी छोटी उम्र में साधुवेष अपनाने का कारण जानना चाहा लेकिन क्षुल्लक ने कहा कि वह जानकर क्या करेगा। वह तो पाप बुद्धि में फंसा हुआ है। उसके हाथ में तलवार है। संसार को पाने की उसकी इच्छा है। लेकिन राजा ने उससे फिर निवेदन किया। राजा की प्रार्थना को सुनकर क्षुल्लक ने अपने जीवन का इतिवृत्त कहना प्रारम्भ किया।

उज्जयिनी का राजा यशोघ था। चंद्रमती उसकी रानी थी। दोनों ही सुन्दरता की मूर्ति, सम्यक्त्वी एवं श्रावक धर्म को पालने वाले। जब चन्द्रमती के पुत्र रत्न उत्पन्न हुआ तो उसका नाम यशोधर रखा गया। नगर में विभिन्न उत्सव किये गये। पांच वर्ष का होने पर उसे उपाध्याय के पास पढ़ने भेजा गया।

तथा वहां उसने सभी विद्याओं में पारंगता प्राप्त की। काव्य, अलंकार, तर्कशास्त्र, सिद्धांत, नाटक, ज्योतिष, वैद्यक, आदि सभी शास्त्रों का अध्ययन किया। यही नहीं संगीत, नृत्य आदि में प्रवीणता प्राप्त की। उपाध्याय को इस उपलक्ष में एक लाख दीनार भेंट की तथा अपना पूरा आभूषण उतार करके दिया। यौवन प्राप्त करते ही विवाह के प्रस्ताव आने लगे। एक दिन कैशक राजा के यहां से विवाह का प्रस्ताव लेकर एक दूत आया। राजा ने विवाह का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया तथा अपने पुत्र का विवाह कर दिया। विवाह के उपलक्ष में नगर को सजाया गया। बिन्दौरियां निकाली गयी। तेल चढ़ाया गया। तथा गीत गाये गये। उद्यान में जाकर विवाह किया गया। जब वधु का रूप देखा गया तो सभी प्रसन्न हो गये। वधु को लेकर राजमहल में गये और सब सुख से रहने लगे। बहुत वर्षों तक राज्य सुख भोगने के पश्चात् राजा यशोध अपने पुत्र यशोधर को राज्य देकर स्वयं ने जिन दीक्षा धारण करली।

यशोधर एवं रानी यशोवती राज्य करने लगे। जीवन आनन्द से बीतने लगा। एक तो यौवन, फिर सुन्दरता, राज्य वैभव एवं परस्पर में घना प्रेम, सब कुछ दोनों के पास था। इसलिए वैभव में दिन व्यतीत होने लगे। एक रात्रि को जब राजा-रानी एक पलंग पर सो रहे थे। अर्धरात्रि का समय आते ही रानी अपने पलंग से उठी और पूरे अभूषण पहिन कर महलों से नीचे चलने लगी। राजा को जब जाग हुई तो वह भी तलवार लेकर रानी के पीछे-पीछे चलने लगा। राजा ने देखा कि रति के समान रानी एक कोढ़ी के पास गयी तथा उसके चरण पकड़ कर जगाने लगी। कोढ़ी के हाथ-पांव गल गये थे। शरीर से दुर्गन्ध आ रही थी। उस कोढी ने रानी को देर से आने पर उसे खूब मारा लेकिन रानी ने ऊफ भी नहीं कहा और देर से आने के लिए क्षमा मांगने लगी। राजा ने जब यह सब अपनी आंखों से देखा तो क्रोधित होकर उसे तलवार से मारने लगा लेकिन फिर सम्भल गया। और वापिस अपने महल में जाकर सो गया। जिस रानी के साथ जीवन बिताने में राजा को आनन्दानुभूति होती थी अब उसे वह जहर के समान लगने लगी।

प्रातः काल होने पर जब उसकी माता जिन पूजा आदि से निवृत होकर राजमहल में आयी तो राजा ने रात्रि स्वप्न की बात कही तथा स्वप्न की भयंकरता को देखते उसने वैराग्य लेने की इच्छा प्रगट की। लेकिन माता ने उसे कायरता बतलाया तथा कहा कि कुलदेवी के आगे बलि चढ़ाने से सारे उपद्रव दूर हो सकते हैं। लेकिन यशोधर ने किसी भी जीव की बलि देने से साफ इन्कार कर दिया। माता

ने उसे पुनः समझाया तथा जगत में जीवों के जन्म मरण की बात कही लेकिन यशोधर ने एक भी नही सुनी। अन्त में आटे का कुकुडा बनाकर देवी के मन्दिर में गया और देवी के आगे उसे मार दिया और इस प्रकार हिंसा का बन्ध कर लिया।

जब रानी को राजा के दीक्षा लेने की बात मालूम पड़ी तो वह शीघ्र राजा के पास गयी। कहने लगी कि एक बार उसके हाथ का प्रिय भोजन करके वैराग्य लेना वह भी उन्हीं के साथ तपस्विनी बन जावेगी। तथा 'तप करसां दोउं' इस प्रकार अपनी मार्मिक रीति से भावना व्यक्त की। राजा ने रानी की बात मानली। राजा जिन पूजा के पश्चात् रानी के महल में गया। रानी ने सोने के थालों में राजा के लिए भोजन परोसा। विविध प्रकार के व्यञ्जन परोसे गये लेकिन उनमें विष मिला दिया गया। तभी रानी ने कहा कि एक आवश्यक कार्यवश उसे अपने पीहर जाना है। सात दिन बाद वापिस आजावेगी। रानी ने दो विष मोदक बनाये। एक माता के लिये और एक राजा के लिए। दोनों को विष के लड्डू खिला दिये। माता चन्द्रमती तो तत्काल ही मर गयी और राजा भी वैद्य-वैद्य करता मर गया। रानी ने फिर त्रिया चरित्र दिखलाया।

> इम बोली हा हा करी छोडीय केश कलाप।
> मूरछ मसि उपरि पडी हीयडलि आणीय पाप ॥

दोनों का दाह संस्कार किया गया। ब्राह्मणों को दान दिया गया। इसके पश्चात् राजा यशोधर एवं माता चन्द्रमती के भवों का क्रम प्रारम्भ होता है—

राजा यशोधर मर कर श्वान हुआ और चन्द्रमती मोर हुई। एक शिकारी ने उस श्वान को पकड़ लिया और उज्जैनी नगरी में आकर राजा के पास ले गया राजा ने श्वान को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की तथा कुत्ते को सोने की जंजीर से बांध दिया। एक दिन कुत्ते ने रानी को कुबड़े के साथ कुकर्म करते हुए देख लिया। देखते ही कुत्ते को जाति स्मरण हो गया। वह अत्यधिक क्रोधित होकर तथा सांकल को तोड़ कर मोर का गला पकड़ लिया। राजा ने तत्काल श्वान को मार दिया। मोर भी मर गया। मोर मर कर काला सांप हुआ तथा श्वान सेहलु हुई। दोनों ने जब एक दूसरे को देखा तो फिर लड़ मरे और दोनों ही मर गये। अगले भव में सेहलु मर कर बड़ा मगर हुई तथा सांप रोही हो गया। एक दिन राजा की दासी उस तलाब पर नहा रही थी तभी उस मगर ने दासी को पकड़ लिया और जब राजा को खबर लगी तो उसने धीवर से मगर को पकड़ने का आदेश दिया। रोही ने जाल डाल कर उसे पकड़ लिया और उसे खूब मारा गया। अंत में वह मर

कर बकरी हुई। रोही मर कर बकरा हुआ। जब वह बकरा दूध पीने लगा तो उसे देखकर बड़ा क्रोध आया और उसे मार डाला गया। लेकिन वह फिर बकरा हो गया। बकरा मर कर पुनः भैंसा हो गया। जिस को वरदत्त बणजारा भार लादने का काम लेने लगा। उसके पश्चात् वे दोनों मर कर मुर्गा मुर्गी की योनि में पैदा हुए। उस मुर्गा मुर्गी ने मुनिराज से व्रत लिये। लेकिन राजा उनके बोलने से अप्रसन्न हो गया इसलिये दोनों को शब्दवेधी बाण से मार दिया। वे दोनों फिर रानी के गर्भ में आकर पुत्र-पुत्री हुए, जिनका नाम अभयरुचि एवं अभयमति रखा गया।

एक दिन राजा यशोमति बसंत ऋतु आने पर अपनी रानी के साथ वन भ्रमण को गया। उसी वन में सुदत्त मुनि ध्यानस्थ थे। मुनि को देखकर वे भी उनके पास जाकर बैठ गये और अपने पूर्व भवों का वृतान्त जानने की इच्छा प्रकट करने लगे। मुनि ने जगत की असारता, पापों की भयानकता एवं अहिंसा धर्म पालन की महत्ता बतलाई साथ ही आटे के कुकुट युगल को मारने की भाव हिंसा करने से यशोधर को कितने भवों तक जन्म धारण करके दुःख सहन करने पड़े इस बारे में विस्तार से कहा।

एक दिन वह शिकारियों को साथ लेकर वन में गया। वहां ध्यानस्थ मुनि को देखकर क्रोधित हो गया तथा मुनि के ऊपर जंगली कुत्ते छोड़ दिये। उधर से एक कल्याण नामक बणजारा अपने बैलों के साथ जा रहा था। जब उसने मुनि को ध्यानस्थ देखा तथा उस पर राजा द्वारा छोड़े हुए कुत्तों को देखा तो उसने राजा से मुनि महात्म्य के बारे में कहा। तो राजा ने मुनि के शरीर की ओर संकेत करते हुए कहा कि जो कभी स्नान नहीं करता, दांत साफ नहीं करता वह कैसे पवित्र हो सकता है। बणजारे ने इसके पश्चात् विस्तार से मुनि जीवन की विशेषताएं बतलायी तथा कहा कि "मुनिवर सदा पवित्र मंगल परमए जाए जे।" साथ में यह भी कहा कि ये मुनि कलिंग राजा सुदत्त हैं। कल्याण बणजारा मुनि के चरणों के समीप बैठ गया। मुनि के वचनों के प्रभाव से राजा को भी वैराग्य हो गया। जब उसके दो पुत्रों को राजा के वैराग्य की मालूम पड़ी तो तो उन दोनों ने भी वैराग्य धारण कर लिया और वे अभयरुचि एवं अभयमति के रूप में सामने हैं। कल्याण ने भी जिन दीक्षा धारण करली।

मुनि सुदत्ताचार्य ने कषायों, लेश्याओं की उग्रता, नरक योनि के दुःख के बारे में विस्तार से बतलाया तथा जिन पूजा, पात्र-दान, णमोकार मन्त्र का जाप, सत्य भाषण, आदि की जीवन में उपयोगिता के बारे में बतलाया।

श्रावक समाज के व्रतों, दस धर्मों, अनुप्रेक्षाओं पर विस्तृत प्रकाश डाला और उन्हें जीवन में उतारने पर जोर दिया। राजा मारिदत्त यशोधर के पूर्व भवों की कथा को सुनकर जगत से भयभीत हो गया और क्षुल्लक क्षुल्लिका के पांव पड़ गया। उधर सुदत्ताचार्य भी वहां आ गये। अभयरुचि ने उनसे राजा को दीक्षा देने के लिये निवेदन किया। मारिदत्त ने मुनि दीक्षा लेकर स्वर्ग प्राप्त किया। योगी ने भी हिंसावृत्ति को छोड़ कर जिनदीक्षा धारण कर ली। देवी के मन्दिर को स्वच्छ कर दिया गया और जीव हिंसा सदा के लिये बन्द हो गयी। अभयरुचि एवं अभयमति तपस्या करते हुए मर कर स्वर्ग में इन्द्र प्रतीत हुए। बणजारा कल्याण ने भी जिन दीक्षा धारण कर स्वर्ग प्राप्त किया। इस प्रकार यशोधर रास में सूक्ष्म हिंसा से भी कितने भवों तक कष्ट सहने पड़ते हैं, इसका विस्तृत वर्णन किया है। इस रास काव्य को जो पढ़ता है अथवा सुनता है उसे अपूर्व पुण्य की प्राप्ति होती है।

इस प्रकार का यशोधर रास के कथानक को कवि ने बहुत ही सीधी सादी एवं तत्कालीन बोलचाल की भाषा में निबद्ध किया है। कवि ने काव्य के मूल कथानक में यद्यपि कोई परिवर्तन नहीं किया है किन्तु अपने काव्य को लोकप्रिय बनाने के लिये उसके वर्णन में नवीनता लाने का अवश्य प्रयास किया है। उसमें सामाजिक पुट स्थान स्थान पर मिलता है तथा तत्कालीन जन भावनाओं की अभिव्यक्ति भी मिलती है। प्रकृति वर्णन, नगर वर्णन, शासन वर्णन आदि भी स्थान स्थान पर मिलते हैं। उस समय की अध्ययन अध्यापन स्थिति का भी काव्य से पता लगाया जा सकता है साथ ही में राजा एवं प्रजा के सम्बन्धों पर भी कहीं कहीं प्रकाश डाला गया है। काव्य के अन्त में हिंसा से मुक्ति पाने के लिये उसके अवगुणों का विस्तृत वर्णन मिलता है तथा जीवों की स्थिति, उत्पत्ति, एवं विविध योनियों का अच्छा वर्णन किया गया है।

बंधव लक्ष्मण सहित स्वामी सीता साथि बनवास गउ ।।१४।।

पांचवीं ढाल

भास नरेसूवानो

राम के वियोग में विलाप

रामस्वामी वनवास गया रे नरे सूवालो करिए।
विलाप जननीस रोति अति घणु ए ।।
उदय आध्युं मुझ पाप दशरथ राजा वीनवि ए ।।
अनुक्रम लोप्युमि सार सूरज वंसनु राजीउ ए ।।
राम गयो वनवास कर्मना अक्षर किम टलिए ।।

दोस न दीजि कास मूरछा आवी धरणीपडयुए ।। न. ।।
तब हूवो हाहाकार शीतल उपचारह करीए ।। न. ।।
चेत वाल्यु तव सार तब दशरथ राइ चामीउ ए ।। न. ।।
संयम लेवा काजि गुरह स्वामी तव वीनव्याए ।। न. ।।
ते थाप्यु मुनिराज संयम पालि निरमलोए ।। न. ।।
तप जप ध्यान करेइ मोह मछर सब चूरीयाए ।। न. ।।
महीयल सुजस लेइ राम जगदेशि राज करिए ।। न. ।।
भरत सत्रुघन मानि छत्र सिंहासन पट हस्तीए ।। न. ।।
ते नवि भोगवि जाणि रामनाम तणी रूयडीए ।। न. ।।
वरति भरण अपार कोशल देशनु राजीउए ।। न. ।।
पालि अनुक्रम सार जिहां राम तिहां अजोध्याए ।। न. ।।
सोहला रायनि रानि पुण्यवंत जीवकारणिए ।। न. ।।
पगि पगि नवह निधान राम स्वामी कीला करिए ।। न. ।
ऊलंघि वनह अपार हास विनोद कतूहलिए ।। न. ।।

वनवास

वन क्रीडा करि सार सकल भूषण करी मंडियाए ।। न. ।।
नर भय सिंह समान मेवपाट देश थोईउए ।।न. ।।
चीत्रुडगढ ते जाणि ।। ११ ।। ५ ।।

षष्टम ढाल

भास सही की—चीत्रुडगढ जोई केरी पछि आव्या देश पुरी ।
वर्जकरण राजा महलावीउए । सहीए ।। १ ।।
नालछि पाटणि आवीया, कल्याणमाला मनि भाविया ।
बालखेण राजा तिहां थापीउ रे । सहीए ।। २ ।।
वीन्ध्याचल परवत कही, लक्ष भील जीता सही ।
अरुणग्रामि आव्या ते निरमलाए । सहीए ।। ३ ।।
कंदि तब दीठा यति घणां, कपि लह बाह्य तेह तणां ।
नागकुमार देव ते आवीयोए । सहीए ।। ४ ।।
अन्न थाइ वहिरु कीधु, नाग भरी नाम दीधु ।

रामपुरी बसावी जस लीधुए । सहीए ॥ ५ ॥
च्यार महीना राम रावीया, भगति गुण तिणि दावीया ।
तिहां थका स्वामी ते वली चालीयाए । सहीए ॥ ६ ॥
वनमाला लक्ष्मण वरी, पछि आव्या क्षेमापुरी ।
पंचसांग तिहां लक्षमण साहीए ।सहीए ॥ ७ ॥
क्षेमश्री वरी निरमली, लक्ष्मणां कुंवरि मनि रली ।
तेह तिहां मूकी निवली चालियाए । सहीए ॥ ८ ॥
वंशथल नयर वली, वांसी परवत तेह तली ।
परवत मस्तकि मुनिवर रुयडाए । सहीए ॥ ९ ॥

कुलभूषण देशभूषण मुनियों के उपसर्ग दूर करना

कुलभूषण देशभूषण, तप जप ध्यान विचक्षण ।
चारित्र पात्र ते चिंतामणीए । सहीए ॥ १० ॥
तेह तणां उपसर्ग टालीया, ध्यान फले कर्म्म चालीया ।
केवलज्ञान स्वामी ते पामीयाए । सहीए ॥ ११ ॥
सुर नर सवे तिहां आवीया, राम लक्षमण मनि भाविया ।
धन धन पुरषोत्तम तह्मेँ अवतरयाए । सहीए ॥ १२ ॥
तिहां रहीया महीना च्यारि, सहस्रराय भगति करि ।
पछइए दंडकवन माहि पैठाए । सहीए ॥ १३ ॥
करणरवा आवी नदी, भोजन तणी सामग्रि कीधी ।

चारण ऋद्धिधारी मुनियों को आहार देना

चारण मुनिवर दान दीधुए । सहीए ॥ १४ ॥
पंचाचर्य तिहां पामी, हरष वदन श्री रामस्वामी ।
जटा पंखी आवी तिहां मल्युए । सहीए ॥ १५ ॥
तिहां थकी आधी कही, करणरवा नदी सही ।
तव राम स्वामी ते तिहां गया ए । सहीए ॥ १६ ॥
तिहां परवत एक निरमलो, गुफा सहीत ते सुह भलो ।
तिहां च्यारे जणे स्थिति कीधीए । सहीए ॥ १७ ॥

चुमासुं तिहां लीधु, धरम ध्यान निरमल कीधुं ।
वीपोछव तिहां वली नीपनुए । सहीए ।। १८ ।। ६ ।।

सप्तम ढाल
भास तीन चुवीसीनी

राम रायां रंग भरि भणि वीर, लक्ष्मण बांधव साहस धीर ।
सुणउ वचन शुभ सार ।। १ ।।
एह वन माहिं रह्या सुजाण,
इहां नहीं भरतहनी आण जाणी करु विचार ।। २ ।।
नगर एक इहां नीपजावु भूमि,
सकुन निमत्त पारखी तुम्हें कीजि काज असूल ।। ३ ।।
नगर एक इहां नीपजावु,
ऊंवऊ लक्षमण वार मलावु लुभावो मनि रंग ।। ४ ।।
पछि आणेवा तुं जाए, कौसल्या सुमित्रा माए ।
राज सूरजवंसि कीजिए ।। ५ ।।
रामवयण सुण्या तव सार, लक्षमण उठ्यु तिहां सुविचार ।
धनुष बाण करि लीधु ।। ६ ।।
भूमि जोवा लक्षमण चंग, हैयउ उतरउ मनि रंग ।
गरमय जैसु सिंघ ।। ७ ।।
एकवमस हींडइ वनमाहिं, निरमल जल सूरी मुंड चाहिं ।
माहिं परिमल पूर ।। ८ ।।
परिमल लागु लक्षमण चालि, मयमत्त मयगलनी परिमालि ।
बोलि अलि कुल चंग ।। ९ ।।
आगलि आतां तेज प्रकास्यो, बार दिनकर जिम संकाश ।
भासि सूरज हास ।। १० ।।
झगमग तेज बहु दिगिदीपि, सूरजहास खडग अरि जीपि ।
दीपि अमृत धार ।। ११ ।।
एक छेह लागु गयणंगणि, मुष्टि आवी षषस्तलि रंगणि ।
लक्षमण चाल्यु हाथ ।। १२ ।।
लक्षमण देव षडग करि साह्यु, हरष वदन हुवो ऊरमाह्यो ।

चाहुसी वंसह जाल ।। १३ ।।
वंश जाल छेदतां तूटउ, संबूक तणो माथु ते खूटउ ।
रूठउ जमत काजि ।। १४ ।।

दण्डक वन में शंबूक का वध

सिर तूटी धरणी तब पडीउ, लखमण भणिए पालि जडीउ ।
पडीउए अपराध ।। १५ ।।
षडग लेई रामनि दीधु, भाजि नमस्कार तिणि कीधु ।
लीधु प्राश्चित चंग ।। १६ ।।
खरदूषण नी नारि विशाल, चन्द्रनखा आनी गुणमाल ।
करवा पुत्र संभाल ।। १७ ।।
पुत्र पडयु दीठउ तीणी [illegible]
पीति आण्यू पाप ।। १८ ।।
लक्षमण मारि माणि ओबंती, तीरणी गुफाइ आवीय तुरंती ।
ऊभी रही रोयंती ।। १९ ।।
राम लक्षमणनि सीता देखी, इन्द्राणी मन माहि पेखी ।
कोण भली ते बाल ।। २० ।।

चन्द्रनखा का खरदूषण के पास जाना

पुत्र मारियो डाढा इम जाणी, चाली पाताल लंका भणी ।
चिठी तेह विमान ।। २१ ।।
खरदूषण आगिल कही बात, पुत्र तणु हूवो ते घात ।
दुःख पामीइं नाथ ।। २२ ।।
चोदस सहस विद्याधर साथि, सगला सुभट उठया एक हाथे ।
चाल्या जिहां छि राम ।। २३ ।।
राम भणि लक्षमण देव उठउ, विद्याधर तिनमसे रूठउ ।
छूटो लक्षमण वीर ।। २४ ।।
धनुष बाण लीधो साहस, करि सोहि ते सूरय हासि ।
साहांमु चाल्यु वीर ।। २५ ।।

रोद्र भूफ हुउ सविचार, एकलडो लक्षमण कुमार ।
बलह न लाभि पार ॥ २६ ॥
तेणि अवसरि ते चंद्रनखा, ततक्षण आईय मुहुतीश लंका ।
शंका रहित ते नारि ॥ २७ ॥
रावण बंधवनि तीणी कहीयो, महीयल रूप मर्यादा रहीउ ।
सहीए लक्ष्मी होइ ॥ २८ ॥

रावण द्वारा सीता हरण

रावण मनि उपनु नेह, नयणडे देखु नारिज तेह ।
जेहनु रूप विशाल ॥ २९ ॥
एकलडो तस लागो ध्यान, पुष्पोत्तर रचीयोय विमान ।
मा नमई रूप दीठि ॥ ३० ॥
राम छता किम हरूं ए रामा, ततक्षण विद्या समरी नामा ।
वामा भेद जणाव्यो ॥ ३१ ॥
माया कांद लक्षमण कीयो, सिंघनाद तीणी तव दीधो ।
लीयो धनुष ते बाण ॥ ३२ ॥
रामि शीतल गुफाइं मूकी, रक्षण मूक्यो जटायु पक्षी ।
सुखी चाल्यो वीर ॥ ३३ ॥
रावण गुफा माहि ते पिठो, सीतल हरी विमानज बिठो ।
दीठो ते जटा पक्षी ॥ ३४ ॥

अष्टम ढाल

भास श्री ह्रीं श्रावकाचारनी

रावण सीता रण ते कीउ, लीयो संग्राम विहंगमि रे ।
झलपि मारीय मुगट लिणि, पाड्यो ताड्यो स्रवणें
संगमि रे ॥ चट।वी०॥
संग्रामि ताड्यो धरणि पाड्यो करा करा करि घणी ।
संतोय सीता मनिहि चिंता उपनी पक्षी तणी ।

सीता का विलाप

विलाप करंती दुःख भरंती राम नाम उच्चारए ।

धामि लक्षमण वीर विचक्षण एह संकट टाल ए ।।१।।
टालु रे संकट मुझ तणां हो देवर सहोदर भावु विद्याधर रे ।
सानधि सयल सुरासुर कीधो लीधो यस सीयल तणो रे ।।च०।।
सीयल संपन्न देवर लखुमण भरत [illegible]
तात जनक कनक काका वेगि विह्लि पावयो ।
राम राम राम नाम क्षणि क्षणि वलीन वाचा मूकए ।
वैहूं कुल कमल उद्योत किरिणी सतीय सत्त न चूकए ।।२।।
सतीय सीता गयणंगणि रावण लालचि करय अपारन रे ।
पंचबाण घणु जीवन भेद्यु वेध्यु तह्न रूपि सारन रे ।।च०।।
सार सुंदरि सुणवि वाणीय प्रान सुखी तिहां हुई ।
सुण रे दुष्ट कुनष्ट स्वानर तेह नारि लक्षण जुई ।
हुं सतीय बहुमति संत कंतह राम मुझ तणो आतमा ।
अन्य नर जे सयल तिहूयण मुझनि ते बंधव समा ।।३।।
बंधव समा मुझ सुरपति इंदह घरणेन्द्र रवि शशिकर रे ।
सती सुं आलिम करे स हो मूरखा पुरषाम मेल्ह
कुसुम सर रे ।।च०।।
कुशम सर सु भाव परिहरि सील सवल सती तणो ।
जु ध्रुव लोटि वज्र फूटि चूरण हुइ गगननि घणो ।
सौधर्म्म स्वर्ग जो ठाम छांडि मेर मंदिर चाल ए ।
इम जाणी विवेक आणी एह वयण इम बोलए ।।४।।
बोल्या बोल जु केवलि चूकि मूकि जल जलधेसवरे ।
अष्ट कुल गिरि पायाल जोपिसि तुहि नवि सीयल
हुं परिहरु रे ।।च०।।
परिहरीय सील जे नरह नारि संसार माहिं घणुं भम्या ।
परनारि लंपट दुष्ट कुष्ट ते सातमि नरगि रम्या ।
जिहां छेदन भेदन तलीय तापन सूलारोपण अति घनां ।
तेत्रीस सागर आयु पामी दुःख भोगवि तिहां तणां ।।५।।
सतीय सीता तणी वाणी सांभली रावण राणु होउ दुःखी रे ।

चिंतातुर थो लंका पैठो प्रमीदावन माहि मूकी रे ।।
मूकीय प्रमदा वनह मझमि यानकी दुख चित करी ।

अशोक वाटिका वर्णन

असोक तरवर तलि निरमल सती बिठी आसण पुरी ।
श्रृंगार परिहरि धहिहि मन धरि नीम लीयो आहार नो ।
राम स्वामी सुद्धि पामु तब करू हु पारणो ।। ६ ।।
पारणो तब जब प्रभु सुधि पामु नामु सीसकंत पाव रे ।
एवडउ निरधारिउ यानकी सेवकी हुई राक्षसी खरीरे ।। च० ।।
षरदूषण बीर लक्षमण भणि विचक्षण राम स्वामी भावीया ।
यानकी वनमाहि एकली मूकी कांइ सही आवीया ।। ७ ।।
आव्या एकली मेल्ही यानकी कुड कीधु खगि षणु रे ।

राम की व्यथा

हवि वहत वलो राम जगनाथ आश्रम मेल्ह सीता तणु रे ।।च०।।
सीतहि तणु वाणि सांभली राम चाल्यु रंग भरी ।
आवीय गुफा माझि स्वामी नवि दीठी ते सुंदरी ।
सती सीता साद करता कीधा कर्म ते सहए ।
तर वरह डुंगर परति श्रीराम सीता सुधि ज पूछए ।।८।।
पूछए सुदि श्रीराम नरेश्वर सरोवर कांठि ऊभू रही रे ।
कहू न चकोर तह्ने चक्रवाकी दीठी सीतल मुश सही रे ।।च०।।
सहीय सीता हरण हुयो कवण पापी लेइ गयो ।
कि व्याघ्र आवी भक्षण कीधु तेह तणो कविण हीयो ।
सार्दूल सकल कि सिंघ स्वापद सती सीता मुनि पढी ।
वनह मझमि कांइ मेल्ही कवण पुहुती यम घडी ।।९।।
जम रूठो सीणि अवसरि जाण्यो षरदूषण बग हण्यो रे ।
लक्षमण वीरि सिर तस छेदी भेदीय रिपुदल जाण्यु रे ।।च०।।
जाणीय रिपु दल उपरि कुंवर विराधित ते भावीयो ।
विरीय मारीय वहुत लक्षमण राम कह्नि ते मावीयो ।

रामस्वामी सुगति गामी गलि लागी रोयए ।
बेहु बंधव वनहु मझ्कमि सीता काजि जोवए ।।१०।।
जोतां चिहुं दिसि रामलक्ष्मी धरनवि पामि कोही त्राणु रे ।
तिणि अवसरि वैरी जीपीनि विराधित आवी पगे लागु रे ।।च०।।
भणि विराधित वात बांकी एक काज तो सारीये ।
रावण तणो जमाइ तम्हे तां खर दूषण पग मारियो ।
हवि इमि कीजि ठाम लीजि भेद कुहुं हुं तीह्न सही ।
पैयाल लंका नही संका सीता सुधि कसूं तिहां रही ।।११।।
तिहां रहीनि रामकी जसे सकल काम विमान बिसु स्वामी
अह्म तणे रे ।
विराधित कुंमरनी वाणी सांभली राम भणि धन जीवो
तह्म तणी रे ।।च०।।
धन विराधित दोहिली वेलां परोपकार चडावीया ।
इम कहीय विमान चडीया पाताल लंका आवीया ।

सुग्रीव से भेंट

साहसमल्ल साहस गति खग सुग्रीव कपि मारीयो ।
सुग्रीव लाग सेस भरिनि कपि काज ते सारीयो ।।१२।।
सारीय काज सुग्रीव इम जाणी विमान बिसी सीता सुधि गउ रे ।
गयणंगणि धकु दीठु रतन जटी तब आनंद मनमांहि
भयो रे ।।च०।।
भयो आनंद आवीय सुग्रीव रतन जटी नि प्राण ए ।
कहु न भ्राता राम कांता शुद्धिजु तुं जाणए ।
रतन जटी तब भणे सुग्रीव बात सुणु न अह्म तणी ।
जे जानकी जनक तनया रावण लई गयो लंका धणी ।।१३।।
धणी त्रिभुवन तणु राम भेटावुं आवु तह्मे अह्म साथि
सहोदर रे ।
सयल कथावर्त्तिय सीता तणी राम स्वामी आगिल कहुं रे ।।च०।।
कहीय सुग्रीव रतन जटीनि राम कन्हि ते आणीयो ।

सीताय हरण वृतांत सघला राम लक्षमणि ते जाणीयो ।
राम पूछि कहु न सुग्रीव लंका कवण दिशाइ वसि ।
सुग्रीव तणो मंत्र वाणी राम तणी सुण विहसि ।।१४।।
हसिय राणी इम भणि रामचन्द्रह इन्द्र जे दसानउ रे ।
रावण नामि विख्यात विद्याधर अरि परि तपि जिम
भानु रे ।।२०।।

भानुतणो संकास वास विख्यात लंका जाणीइ ।

रावण की शक्ति का वर्णन

राक्षस वंस वितंस रावण हवि तेह तणो भय आणीइ ।
जिणि इंद्र चंदनि भानु राजा ग्रह बंदी ते राषीया ।
असुर खग नर दैत्य दाणव तेहां अभिमान लांषीया ।।१५।।
लांषीया अहंकार सोल सहस राया मुगटबंधउ सग करीए ।
नवकोटी वाजीनि मयमत्त मथ गल बेतालीस लक्ष तनु
धरिए ।।२०।।

धिरि बितालीस लक्ष रथ वर बियालीस कोटीय पायक ।
सोल सहस जे देश भोगवि तिहुं षंडनु नायक ।
सुणु न राम अति वीर लक्षमण दोहिलु रावण अति बलो ।
हवि सीतल तणी तह्नि आस मूको अजोध्यां भणी
पाछा वलो ।।१६।।

नवम ढाल
भास साहेलडानी

मंत्रीय वाणि सुणवि चार बोल्यु कवण रावण तणु नाम ।
सयल निशाचर खचर अमर नर लंका सहीत फेडुं ठाम ।
साहेलडी राम तणो परसाद लक्षमण धीर गंभीर वीर सिरोमणि
भणि अरि जुलारिसुं नाद ।
साहेलडी रामतणो परसाद ।।चडालो।।
परसाद साधु सुग्रीव बोलि बाप बलीउ वीर तुं ।
एह रामनामि एक लुपुण रावणनिहुं जीपि मुं ।

सुग्रीव तणी चौद अक्षोहणी कटक बहु परि मेलए।
कपि वंश मंडण अरय खंडण आवि नल नील वीर ए ।।१।।
नलनील गवय गवखराइ आवि सुग्रीव सेस पठावि।
चतुरंग दल बल सबल विमान चढी हनमंत वीर तव आवि,
साहिलडीपवन राजा तणी पुत्र अजना उपरि सुहो
रयण मणि रावण पाइ अदमुत साहिलडी। पवन राजा
तणो० ।।चढावो।।
पवन पुत्र विशाल भल लाग परोपकार चतुर नर।
राम नाम दुलंभ पामीय पगि लागि जोडीय कर।
तव राम स्वामी सुगति गामी आणी आलिंगन दीउ।
पछि लक्ष्मण वीर विचक्षण हनमंतही पासुं लीउ ।।२।।

हनुमान का लंका जाना

लीधो बीडो तिणि रामचन्द्र तणु गुण लीधो राम मुद्रि।
लंका जाइ ने शास गढ मोडीय आणी यानकी सुद्धि ।।सा०।।
रामचन्द्र दीउ मान धन धन जनम धन तह्य पिता।
धनि जननी कुलि भानु साहिलडी रामचन्द्र दीउ मान ।।च०।।
मान दीउ जस्म लीउ कपि वंश मंड ‸ आवियां।
रामस्वामी तणे पासे अनेक राय ते आवियां।
सैन संख्या सुभट लेखा सहस्त्र वि अक्षोहणी।

राम रावण युद्ध

विमान चढी श्री राम लक्ष्मण आव्या तव लंका तणी ।।३।।
आवीय हय गय रथ रे विविध परि विमान तणु नहीं पार।
वीस जोयण तणि फेरि कटक बैठु श्रीराम देवनु सार ।।सा०।।
वाजि भेर नीसाण ढोलति बल धन साद सोहावा।
कपिवंस राव सुजाणं साहिलडी वाजि भेर नीसाण ।।च०।।
भेरीय नाद नीसाण संभलि लंक लोक ते खलभल्या।
रत्नश्रवानि केकसीतणा चेतर कलकल्या।

अठार सहस्र अधिक राणी मंदोदरी इम बोलए।
सुणि न कंत विख्यात भुवि बल अवर नहीं तुझ तोलए ।।४।।
अवर नही तह्म सम बड़ि रावण न्यायवंत सवि सविचार।
सतीय सीता तणु हरणसि कीधु सीधु अपजस भार ।।मा०।।
[illegible] सपनहि दीठो रावि राघए [illegible] [illegible]।
विभीषण लंका राज थाप्यु साहेलडी आज सपनमि दीठो ।।च०।।
दीठो अभिनवु सपन स्वामी कृपा करु मुझ उपरि।
सती शिरोमणि जनक तनया मेल्हि राम अंतेउरि।
परि रमणि रली रंग ने नर राता ते विगूता बहू परे।
राक्षस वंसि विष वेलडी ए तुं आपि आपि ए सुंदरि ।।५।।
सुंदरी मंदोदरी तणी सुणी वाणी रावण धरि अभिमान।
विभीषण भण भणि सुणु राय दशानन।
हवि य गई तुह्म सान साहेलडी काइ न जाणु तुम्हे आज।
नलनील जंबूनाद हनमंत सुग्रीव विमान बांधी सिधु काज
साहेलडी काइ न जाणु तुम्हे आज ।।च०।।
आज पाज उलंघीया श्रीराम लक्षमण धावीया।
सकल दलबल चपल वानर सैन सहित ते आवीया।
हवि वेगविहलास विहि पहिला राम राणु मनावीइ।
सीता दीजि प्रीत कीजि एम रूड भावीइ ।।६।।
भावीइ इणी परि रूडा हो बांधव मनि म धरे अहिकार।
अमीय समाण विभीषण बोल बोल्या।
कोप्यु रावण गमार साहेलडी तब जाण्यु विपरीत।
धरि आवी विभीषणह विचार। हवि कीजि जीवहित ।।सा०।।
तव जाण्यु विपरीत ।।च०।।
विपरीत जाणीय होइ आणीय चीन अक्षोहणी दल भावीयु
विमान चढी बहु कणय रयण सु विभीषण वीर ते आवीयो।
कर कमल जोडवि मौलि मुगटहं राम तणे पगि आवियु।
रामि विभीषण भगत जाणी पंचमु बांधव थापियु ।।७।।
थापिउ विभीषण अचल लंकापति सतीय सीता मनि भाव्युं।

तब रावण बहुदलह करीनि लंका थकु रणभूमि आव्यु ॥सा०॥
अक्षोहणी सहस [illegible] श्री [illegible] वीर हुए रण रंग भरिए ।
आसन कीधि पीयारी साहेलडी अक्षोहणी सहस इग्यार ॥च०॥
इग्यार सहस्र अक्षोहणी दल मलीय बहु निसाचर ।
सहस्र ऐंड अक्षोहणी श्रीराम कल्हिहि वानर ।
संग्राम भेरी ते तब बहु परिनाद दह दिसि वाजए ।
नीसाण घण सु सद्द संभलि वीर बहु परि गाजए ॥८॥

दशम ढाल
मास राउरीक

युद्ध की भीषणता

गाजि वीर पडग करि साह्या बाह्या अरि सिर धार ।
दुधड धड धड ऊपरि लोटिय तन हुइ असवार ॥साहेलडी॥
झूझे रघुवंशी राम लक्ष्मण वीर महाबल भांजि ।
राक्षसनि नहीं ठाम साहेलडी झूझे रघुवंशी राम ॥१॥
सुग्रीव अगद नल नील राज । मरु रेवि गर्वित वीर ।
कुंभकरण मेघ मय दैत्य इंद्रजित संग्रामि रण रंगि वीर
साहेलडी० ॥२॥
रामनाम तणी पाखरि पहिरी हनमंत वीर सरि चूंबु ।
राक्षस रणि चरचा करिनाचि जाण्यु यम ए रूठो ॥सा०॥३॥
विभीषण रावण समवडि लागा, भागा रथ रे विमान ।
सकति समरि करि रावण लीधी, लक्ष्मण धरि अभिमान
॥सा०॥४॥
लक्ष्मण रावण गावण सनमुख रही विभीषण पाल्यु वांझि ।
मूकि सकति रे गयणु ता परी दशरथ नंदन हसि ॥सा०॥५॥
लंकेसर तब कोपि चडीउ सक्ति मेल्ही वीर पाड्यु ।
हनमंत वीर विशल्या आणी शक्ति भेद निणि काढ्यु ॥सा०॥६॥
तब रावण मनि विलखु हौउ समरिउ चक्र विशाल ।
आरा सहस्र सुं तेज पुंज करि आव्यु ते गुणमाल ॥ सा० ॥ ७ ॥
रावण भणि रे बाला लक्ष्मण काइ यमह तहीं आज ।
सीता राम रमणि मुझ आलु सुखिय मस तह्नें राज
॥ सा० ॥ ८ ॥

लक्षमण भणि सुभट मारीय रावण विभीषण लंका राज आपुं
जनक तणीए दुहिता सीता रामचन्द्रनि आपुं ॥ सा० ॥ ६ ॥
तव कोपारुण हुवो लंकेसर लक्षमण बोल न भाख्यु ।
फेरीय चक्र मेहल्यु तीणि अतिबल लक्षमण हाथि
ते आव्यु ॥ सा० ॥ १० ॥
रामतणें पग लागीय लक्षमण चक्र मूक्यु रे पचारि ।
भेदीय हृदय रावण तीणि पाडय्, राक्षसनि
आवी हारि ॥ सा० ॥ ११ ॥

ग्याहरवीं ढाल
मास भमारुलीनो

लंका विजय पर प्रसन्नता

हरष्, निशान दहु दिसतु भमारुलीनी हाजिम पुण आणि तु ।
रघुनंदन दलि जयह बोलु भमारुलीनी
वरतीय राम नीयाण तु ॥ १ ॥
लंका नगर सोहामणु तु भमारुलीनी तलीयाए तोरण चंग तु ।
धवल मंगल गीत नाद करीतु भमारुलीनी पात्र नाचि
नवरंग तु ॥ २ ॥
घरि मंदिर महोछव हवोतु भमारुलीनी गुडीयम ध्वज करेई तु ।
राम नाम राक्षस जपितु भमारुलीनी पिंडित करि तिहां
सांति तु ॥ ३ ॥
ढोल तिवल भेरीय तणा तु भमारुलीनी नाद हुइ घणा आणि तु ।
रामदेव गय वर बैठा तु भमारुलीनी आगिल बाजि
नीसाण तु ॥ ४ ॥
गिरि वर छत्र सोहमणुं तु भमारुलीनी चमर ढली मक्षीर तु ।
याचक जन वांछित पूरि तु भमारुलीनी दानदेइ विभीषण
वीर तु ॥ ५ ॥
देव सयल आनंदीया तु भमारुलीनी कनक धारा वरषंति तु ।
प्रमदा वन भणी चालीया तु भमारुलीनी यानक मनि
होइ हरष तु ॥ ६ ॥

राम रमणिए रंग भरी तु भमा० साहारीय श्रावीय सार तु।
राम सीता मेलावडु तु भमा० होउ तिहां
जय जय कार तु ॥ ७ ॥

मातु मयगल मलपंतु तु भमा० राम चड्यु सीता साथि तु।
लक्षमण विशला साथि तु भमा० वयठा ए
मलपति हाथि तु ॥ ८ ॥

वेहु बंधव अति रूवडा तु भमा० लंका कीयउ प्रवेस तु।
नव वरसां तिहां रह्या तु भमा० राम लक्षमणह
नरेस तु ॥ ९ ॥

तिणि अवसरि नारद मुनि तु भमा० अजोध्यां थका
आव्या चंग तु ॥
तह्म तणी माता दुःख करि तु भमा० बार बरसह वियोग तु ॥
तह्म विण पामी दुःख खाणि तु ॥ १० ॥

नारद वयण सुणी करी तु भमा० राम मनि हुवो आनंद तु।
माता मिलवा कारणि तु भमा० चाल्यु ए
दशरथ नंद तु ॥ ११ ॥

नव कोडी तोरंगमा तु भमा० पायदल कोडि पंचास तु।
रथ लक्ष बैंयालीस तु भमा० गज तेतला
गुण रास तु ॥ १२ ॥

सोल सहस मुगट बंध तु भमा० सेव करि राम पास तु।
लच्छ तणी संख्या नहीं तु भमा० विभीषण आगिल
जाइ तु ॥ १३ ॥

पनर दिन पंथ रत्न तु भमा० मेघ रूपे कीउ वर्षा तु ॥
अजोध्या नयर भलो तु भमा० आप्यो अमरावती
भाव तु ॥ १४ ॥

बारहवीं ढाल
भास रनादेवनी

राम लक्ष्मण का अयोध्या प्रवेश

अमरावती जिम जाणि तु, अजोध्या नयर कीउए।

तोरण मुखड़ मंडाण तु, ईणी परिजय लीउए।
सहीय समाणीय चालि तु, मोतिय थालि भरीए ।। १ ।।
राम लक्षमणह बधावि तु, मन माहि भाव धरीए।
वाजि दुंदुभि नाद तु, नाद सोहामणाए।
मदन भेरीय झणकार तु, ढोल नीसाण घणाए ।। २ ।।
कुसुम बरसिय अकास तु पंच शबद नादि ए।
मलपतं मयगल कुंभि तु, झरइं सुगंध मद ए ।। ३ ।।
इणी परि आव्या श्रीराम तु, पुष्पक विमान बिसी ए।
सोहि इन्द्र जिम जाणि तु, सीता इन्द्राणी जिसी ए ।। ४ ।।
मन घणे चडी बाट जोइ तु, जननीय राम तणी ए।
भरत सत्रुघन वीर तु, सेना मली अति घणी ए ।। ५ ।।
हय गय रथ सिणगार तु, पायक अति बली ए।
बेहू बंधव सविचार तु, चाल्या निरमला ए ।। ६ ।।
महाजन सयल विचार तु, नाना विधि भेट लीधीए ।।
रयण मणि मोती आदि तु, आपणी आपणी रिधि ए ।। ७ ।।
इणी परिमल्यु बहुलोक तु, कलिरव करि घणु ए ।।
राम साह्मा माते जाइ तु, पार नही तेह तणु ए ।। ८ ।।
गगन मंडल थका जोइ तु, राम स्वामी निरमला ए ।।
भरत सत्रुघन होइ तु, बंधव सुह जला ए ।। ९ ।।
जानकी पूछि श्री राम तु, साह्मा आवि माहाजन ए।
देवर देषुं स्वामि तु, भरत सत्रुघन ए ।। १० ।।
राम भणि सुणु नारि तु, पेलु भरत कही ए।
गयवर उपरि बैठु तु, मुकुट झलकि सही ए ।। ११ ।।
हय वरि असवार वीर तु, पेलो देषु सत्रुघन ए।
जानकी जोइ मनि रंगीतु, देवर धनु धन ए ।। १२ ।।
समीप आव्या सवे जाणि तु, राम स्वामी निरमला ए।
उतरया विमान वा सार तु, भूमि आव्या सुहजला ए ।। १३ ।।
राम लक्षमण दीठा सार तु, गरूड़ धजा लहलहिए।
भरत सत्रुघन वीर तु, सजन सुं गहगहिए ।। १४ ।।

ब्राह्मण आड्या तव जाणि तु, भूमि चालि अति वणा ए ।
मुगट उतारीय बंध तु, पगे लागा रामतणो ए ।। १५ ।।
राम लक्षमण एह वीर तु, भरत सत्रुघन ए ।
आलिंगन हुवो सविचार तु, पछि भेटया महाजन ए ।। १६ ।।
ति हुवो जय जयकार तु, मेघ कनके वूठा ए ।
आज सु धन दिन चंग तु, राम देव अम्ह तूठाए ।। १७ ।।
इणि परि बंधव सुसार तु, अजोध्या प्रवेश कीउ ए ।
मायने पगि सिर नामि तु, रामदेव जस लीयो ए ।। १८ ।।
मलीया अति बहु रूप तु, विधारि मनि रली ए ।
अंगद सुग्रीव हनमंत तु, नल नील महाबली ए ।। १९ ।।
विभीषण भणि अति चंग तु, भरति तप लीउ ए ।
राज रिद्ध सवे छांडि तु, मुगति हिं मन कीउ ए ।। २० ।।

राम का राज्याभिषेक

राजपाट देउ सार तु, सयल धरा तणो ए ।
रामस्वामी नि काजि तु, महोछव करु घणो ए ।। २१ ।।
विभीषण तणी सुणी वाणि तु, भूप हरष धरी ए ।
कलस कनक तणा जाणि तु, तीरथ ने नीरें भरीए ।। २२ ।।
पंच रतन तणो चुक तु, पूरीउ मनि रली ए ।
रयण मणिमय थापि तु, सिंघासण तिहां वली ए ।। २३ ।।
तिहां राम सीता बिसाडि तु, जय जयकार करी ए ।
आणंदि पूरीया धूप तु, कलस त करि धरी ए ।। २४ ।।
धवल मंगल गीत नाच तु, बीह कर सालीयां ए ।
महोछव सहित ते कुंभ तु, राम सिर ढालीं ए ।। २५ ।।
सयल प्रथ्वी तणो स्वाम तु, रामचन्द्र निरमलो ए ।
युवराजह पद वेंरु सार तु, लक्षमण अतिबलो ए ।। २६ ।।
लंका नगर को स्वाम तु, विभीषण थापियो ए ।। २७ ।।
करण कुंडल हणमंत तु, नल नील धिषपुरी ए ।
सत्रुघन बंधव ते सार तु, दक्षण मथुरां भणीए ।। २८ ।।
जे यथा योग्य होता भूप तु, ते तिहां थापीया ए ।
इणी परि करि राम राज तु, बहु जस व्यापीया ए ।। २९ ।।

अह निशि करि दया धर्म तु, दान देय मनि रलीए ।
त्रिभुवन माहि जयकार तु, जस बोलि सहूजलीए ।। ३० ।।
सोल धनुष तस देह तु, ऊंचा रामदेव कही ए ।
सतर सहस्र वृष आयु तु, तेह परमाण कही ए ।। ३१ ।।
एतला माहि सविचार तु, श्रीराम ग्रति बली ए ।
च्यार पदारथ सार तु, साध्या निरमला ए ।। ३२ ।।

कवि प्रशस्ति

ए रामायण ग्रंथ तु, एहनु पार नही ए ।
हूं मानव मति हीण तु, संखेपि गीत कही ए ।। ३३ ।।
विद्वांस जे नर होइ तु, विस्तार ते करि ए ।
ए रास भास सुणेवि तु, मुझ परि दया धरु ए ।। ३४ ।।
अक्षर मात्र हूं चि तु, पद छंद गरण चूक ए ।
सरसिति सामिरण देवि तु, अपराध मुझ मूकु ए ।। ३५ ।।
श्री ब्रह्मचार जिरणदास तु, परसाद तेह तणो ए ।
मनवांछित फल होइ तु, बोलीइ किस्युं घणु ए ।। ३६ ।।
गुणकीरति कृत रास तु, विस्तार मनि रली ए ।
बाई धनश्री ज्ञानदास तु, पुण्यमती निरमली ए ।। ३७ ।।
गावउ रली रंगि रास तु, पावउ तु, पावउ रिद्धि वृद्धि ए ।
मनवांछित फल होइ तु, संपजि नव निधि ए ।। ३८ ।।

इति श्री रामसीतारास समाप्तः ।।

गटका—पृष्ठ संख्या ६५ से ६१

भट्टारक यशःकीर्ति

भट्टारक यशःकीर्ति नाम के कितने ही भट्टारक एवं विद्वान् हो गये हैं जिनका वर्णन विभिन्न ग्रन्थ प्रशस्तियों में मिलता है।

इनमें से कुछ भट्टारकों का परिचय निम्न प्रकार है—

(१) प्रथम यशःकीर्ति काष्ठा संघ माथुर गच्छ के पुष्कर गण शाखा के भट्टारक थे जो अपने युग के श्रेष्ठतम साहित्यकार, कठिन तपस्वी, प्राचीन एवं जीर्ण शीर्ण ग्रंथों के उद्धारक एवं कथा साहित्य के मर्मज्ञ विद्वान् थे। वे भट्टारक गुणकीर्ति के शिष्य थे। अपभ्रंश के महान् वेत्ता पं. रइधू जैसे उनके शिष्य थे। जिन्होंने उनकी विद्वत्ता, तपस्या, तेजस्विता एवं अन्य गुणों का बहुत ही सुन्दर वर्णन किया है। उनके अनुसार वे आगम ग्रन्थों के अर्थ के लिये सागर के समान, ऋषीश्वरों के गच्छ नायक, विजय श्री [illegible], [illegible], सुन्दर, निर्भीक, ज्ञान मन्दिर एवं क्षमागुण से सुशोभित थे।[1] महाकवि सिंह ने अपने पज्जुण्णचरिउ में उन्हें संयम विवेक-निलय, विबुध-कुल लघुतिलक, भट्टारक भ्राता कहा है। यशःकीर्ति द्वारा प्रणीत चार रचनाएं उपलब्ध होती हैं जिनके नाम पाण्डव पुराण, हरिवंश पुराण, जिणरत्तिकहा एवं रविवयकहा हैं। पाण्डवपुराण का रचना काल सं. १४९७ एवं हरिवंश पुराण का सं. १५०० है।

यशःकीर्ति अपभ्रंश के महान् वेता के साथ-साथ ग्रन्थों की प्रतिलिपियां भी करते थे। राजस्थान के शास्त्र भण्डारों में उनके द्वारा लिपिबद्ध कितनी ही पाण्डुलिपियां मिलती हैं।

दूसरे भट्टारक यशःकीर्ति भट्टारक सोमदेव की परम्परा में होने वाले प्रमुख भट्टारक थे, वे अपने आपको मुनि पद से सम्बोधित करते थे। इनका विस्तृत वर्णन आगे किया जावेगा।

तीसरे भट्टारक रामकीर्त्ति के प्रशिष्य एवं विमलकीर्ति के शिष्य यशःकीर्त्ति हुए। ये भी अपने आपको मुनि लिखते थे। इन्होंने जगत्सुन्दरी प्रयोगमाला नामक आयुर्वेद ग्रंथ की रचना की थी। प्राकृत भाषा में निबद्ध आयुर्वेद विषय की एक मात्र कृति है जिसकी एक पाण्डुलिपि जयपुर के शास्त्र भण्डार में संग्रहीत है।

---

1. देखिये रइधू साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास—डा. राजाराम जैन पृष्ठ ७४—७५.

चौथे यशःकीर्ति नागौर गादी पर भट्टारक हुए। जिनका संवत् १६७२ की फाल्गुन शुक्ला पंचमी को रेवासा नगर में भट्टारक पद पर पट्टाभिषेक हुआ था। एक भट्टारक पट्टावली में इनका परिचय निम्न प्रकार दिया हुआ है—

"संवत् १६७२ फाल्गुन सुदी ८ यशःकीर्ति जी गृहस्थवर्ष ६ दीक्षा वर्ष ४० पट्ट वर्ष १७ मास ६ दिवस ८ अन्तर दिवस २ सर्व वर्ष ६७ जाति पाटनी पट्ट रेवासा।

रेवासा नगर के आदिनाथ जिन मन्दिर में एक शिलालेख के अनुसार यशःकीर्ति के उपदेश से रायसाल के मुख्य मंत्री देवीदास के दो पुत्र जीत एवं नथमल ने मन्दिर का निर्माण करवाया था। उनके प्रमुख शिष्य रूपा एवं डूंगरसी ने धर्मपरीक्षा की एक प्रति गुणचन्द्र को भेंट देने के लिये लिखवायी थी तथा रेवासा के पंचों ने उन्हें एक सिंहासन भेंट किया था।

पांचवें यशःकीर्ति ने संवत् १८१७ में हिन्दी में हनुमच्चरित्र की रचना की थी जिसकी एक पाण्डुलिपि डूंगरपुर (राजस्थान) के कोटड़ियों के मन्दिर के शास्त्र भण्डार में संग्रहीत है।[1]

छठे यशःकीर्ति भट्टारक सकलकीर्ति की परम्परा में भ. रामकीर्ति के शिष्य हुए जिन्होंने धुलेव में सं. १८७५ में चारुदत्त श्रेष्ठिनो रास की रचना समाप्त की थी। इसकी एक पांडुलिपि दि. जैन संभवनाथ मन्दिर उदयपुर में संग्रहीत है। इनका भट्टारक काल संवत् १८६३ से प्रारम्भ होता है।

उक्त यशःकीर्ति नाम वाले भट्टारकों के अतिरिक्त और भी यशःकीर्ति हो सकते है। हमारे चरित्र नायक यशःकीर्ति १५-१६ वीं शताब्दि के विद्वान् थे। वे रामसेन की परम्परा में होने वाले भट्टारक थे जो भ. सोमकीर्ति के उत्तरवर्ती थे तथा सोमकीर्ति के पश्चात् भट्टारक पद पर अभिषिक्त हुये थे। ब्रह्म यशोधर ने नेमिनाथगीत में एवं बलिभद्र चुपई में इन्हें अपने गुरु के रूप में स्मरण किया है।[2]

यशःकीर्ति का समय १५०० से १५६० तक का माना जा सकता है। संवत् १५८५ में जब ब्रह्म यशोधर ने बलिभद्र चुपई की रचना की थी उस समय उनके पश्चात् भ. विजयसेन और हो चुके थे। यदि एक भट्टारक का काल २५ वर्ष का भी मान लिया जावे तो इस हिसाब से संवत् १५६० ही ठीक बैठता है।

---

1. राजस्थान के जैन शास्त्र भण्डारों की ग्रंथ सूची पंचम भाग—पृष्ठ सं. ४१६.

2. श्री यसकीरति सुपसाउलि ब्रह्म यशोधर भणिसार। नेमिनाथ गीत।

साहित्य सेवा---भट्टारक यशःकीर्ति की अभी तक कोई बड़ी रचना नहीं मिल सकी है। केवल २ पद, योगी वाणी एवं चौबीस तीर्थङ्कर भावना मिली है। जो लघु रचनायें हैं। दो पद उपदेशात्मक है जिनमें मनुष्य भव में अच्छे कार्य करने के लिये कहा गया है। गढ़, मठ, मन्दिर, घोड़ा हाथी कोई भी साथ जाने वाले नहीं है। केवल धर्म ही साथ जाने वाला है। दोनों ही पद भाषा एवं भाव की दृष्टि से अच्छे पद है।

योगी वाणी में ज्ञान एवं ध्यान में रहने वाले योगियों के चरणों की वंदना करने को कहा गया है। यशःकीर्त्ति ने कहा है कि जो शुद्ध ध्यान का धारण करता है उसी योगी के चरणों की वन्दना करनी चाहिये। योगी वाणी में आगे कहा गया है कि क्रोध, लोभ माया और मान इन सभी को अपने आप से दूर हटा तथा त्रस एवं स्थावर जीवों की रक्षा कर. काया से प्रेम मत कर तथा परीषह सहने के डर से चारित्र को मत छोड़ यही योगियों की वाणी का सार है। योगी संयमी एवं संतोषी होते हैं अल्प आहारी एवं अल्प निद्रा लेने वाले होते हैं। योगियों की पहचान योगी ही कर सकते हैं। इस प्रकार योगी वाणी लघु कृति होने पर भी गूढ़ अर्थ को लिये हुये हैं।

चौबीस तीर्थङ्कर भावना में चौबीस तीर्थङ्कर गुणानुवाद है। तथा अन्त में कहा गया है कि जो नर नारी भाव पूर्वक इनका साधन करेगा गुणानुवाद गावेगा वही भव से पार होगा।

इस प्रकार यशःकीर्ति अपने समय के अच्छे कवि थे तथा अपने भक्तों को शुभ कार्य करने की प्रेरणा दिया करते थे।

यशःकीर्ति भट्टारक होते हुए भी अपने आपको मुनि लिखा करते थे इससे यह अनुमान लगाया जा सकता है कि वे संभवतः नग्न रहते हों। सोमकीर्ति भी अपने आपको आचार्य लिखना अधिक पसन्द करते थे इसलिये यशःकीर्त्ति ने अपने गुरु से आगे न बढ़ कर मुनि लिखने में संतोष धारण कर लिया।

(१)

राग सबाक

तडकि लागि जिम मेह फूटि।
अंजलि उदक जिम आउपुं छूटि।

---

1. श्री रामसेन अनुक्रमि हुआ, यमकीरति गुरु जाणि।
श्री विजयसेन पदि थापिया, महिमा मेर समाण।। १८६।।
तास शिष्य इम उच्चरि ब्रह्म यशोधर भेद। बलिभद्र चुपई

अथिर धन योवन नही कोए केरा ।
कांई लाई जीवडा करि फोकट फेरा ।। १ ।।
गढ मढ मंदिर घोड़ा रे हाथी ।
अंतकाल कोई नावि रे साथी । अथि ।। २ ।।
मानव भवह्नि अति रे दोहेलु ।
कर एक धर्म जिम पामि सोहेलु । अथि ।। ३ ।।
अह निशि हीडिकांइ हा हा हू तु ।
माया रे जाल कावंत माहि खूतु । अथि ।। ४ ।।
काया रे कुटंब सहू भाडूत जाणी ।
पंचि रे इंद्री मन विण करे आणी । अथि ।। ५ ।।
सीष सुणु सहू एहह्नि सारी ।
श्री यस.रे कीरति गुरु कहि रे विचारी । अथि ।। ६ ।।

(२)

राग आसावरी

मयण मोह माया मदि मातु ।
तु उपरि रमणी रंगि रातु ।
रे लक्ष्मी कारणि हीडि धातु ।
जीव जाणेस परिभम जातु ।
काया कारमीए घट काचु ।
जीव करि एक जिन धर्म साचु रे ।। काया का ।। १ ।।
अंति काल जाए सजीव नागु ।
आई विषयाचे रस लागु ।
लक्ष चुरासी भमी भमी भागु ।
आता काढ़ीले सिवागु रे ।। काया का ।। २ ।।
पुत्र परिवार अथिर सवि जाणी ।
अजीय कोइ नवि जाणि ।
श्री यशकीरति मुनिवर इम बोलि ।
अचीसध्या दोहथागि रे ।। काया का ।। ३ ।।

(३)

योगी वाणी

ज्ञान त्रिभुती ध्यान लंगोटा पंच महाव्रत पालि रे ।

मोटा तस योगी चे पाय प्रणमीजि ।

सुद्ध चिद्रूपनु ध्यान धरीजि, तस योगी चे पाय प्रणमीजि ।। १ ।।

आगम सींगी दह दिशि कंथा जिनमारग प्रकाशि रे पंथा

तस योगी० ।। २ ।।

क्रोध लोभ मद मछर टालि, थावर त्रस जीव षट काय पालि

तस योगी० ।। ३ ।।

काया योगिणा गु माया न मांडि, परीषह मुद्र चारित्र न छांडि

तस योगी० ।। ४ ।।

संयम संतोष काने मुद्रा, अल्प आहारनि अल्पच्छि निद्रा

तस योगी० ।। ५ ।।

योगीयतेजे योग ज जाणि, मनमां कड इंद्री वसि आणि

तस योगी० ।। ६ ।।

श्री यस रे कीर्ति गुरु योग वखाणि डाहु ते ये मन माहि आणि

तस योगी० ।। ७ ।।

इति योगी वाणी

(४)

चौबीस तीर्थंकर भावना

श्री रिषभनाथ जिन स्वामि नामि रे नव निधि मंदिर पामीइ रे ।

तीर्थंकर चुवीस पूजिइ रे स्वर्ग मोक्ष सुख पामीइ रे ।। तीर्थ ।। १ ।।

प्रणमु अजित जिणंद जिणि जीता रे क्रोध लोभ मनमथ घणा रे

।। तीर्थ ।। २ ।।

भव भय भंजन नाथ संभव रे गिरूइ स्वामी भेटीइ रे ।। तीर्थ ।। ३ ।।

अभिनंदन आनंद पूरि रे सेवक जन संपति घणी रे ।। तीर्थ ।। ४ ।।

सुमति सदा फल देव सिद मति रे दाता जुग माहि जाणीइ रे
॥ तीर्थ ॥ ५ ॥

पद्मप्रभ गुण ग्राम जपंता रे २ संकट सवि दूरि पुलि रे ॥ तीर्थ ॥ ६ ॥

श्री सुपास मनि आस भवीयण रे २ पूरि स्वामी मन तणी रे
॥ तीर्थ ॥ ६ ॥

चन्द्रप्रभ चन्द्रज्योति ध्याइ रे २ पाप तिमर दूरि हरि रे ॥ तीर्थ ॥ ८ ॥

पुष्पदंत शिशिवन्न समरि रे २ आठ कर्म दूरि करि रे ॥ तीर्थ ॥ ६ ॥

शीतलनाथ सुरिंद शीतल रे २ वाणी आतपनी गमि रे ॥ तीर्थ ॥ १० ॥

श्रेयांस श्रीदातार श्रीकर रे २ स्वामी भावि भेटीइ रे ॥ तीर्थ ॥ ११ ॥

वासुपूज्य मनि रंगि मन रंगि रे २ वासव इंद्रि पूजीउ रे
॥ तीर्थ ॥ १२ ॥

विमलनाथ जिनराउ निर्मल रे २ केवल ज्ञान भूषीउ रे ॥ तीर्थ ॥ १३ ॥

अनंतनाथ अनंत अनंत रे २ चतुष्टय करी भूषीउ रे ॥ तीर्थ ॥ १४ ॥

धर्मनाथ सुधर्म धरम रे २ दाता स्वामी पूजीइ रे ॥ तीर्थ ॥ १५ ॥

सांतिनाथ सुभ शांति नामि रे २ शिवसुख निश्चल पामीइ रे
॥ तीर्थ ॥ १६ ॥

कुंथनाथ सुरनाथ सुरवर रे नामि रे दुख दालिद्र सवि वामीइ रे
॥ तीर्थ ॥ १७ ॥

अर स्वामी जिनराउ अरि रिपु रे २ मयणगइ
जिणि गांजीउ रे ॥ तीर्थ ॥ १८ ॥

मल्लिनाथ प्रभु देव सेविइ रे २ मोक्ष पदारथ पामीइ रे ॥ तीर्थ ॥ १९ ॥

मुनिसुव्रत व्रत धार सुरव्रत रे २ मारग स्वामी दाखवि रे
॥ तीर्थ ॥ २० ॥

नमिनाथ सुर राइ सुरपति रे २ तीन भुवन सुर भेटीइ रे
॥ तीर्थ ॥ २१ ॥

नेमिनाथ बाल ब्रह्मचार बाल पणि २ संयम वरी रे ॥ तीर्थ ॥ २२ ॥

श्री पासनाथ जिन राउ अतिसय रे २

दीसि महीयल दीपतु रे ॥ तीर्थ ॥ २३ ॥

श्री महावीर जिनराव इंद्रि रे २ मेरु सिहर

महिमा कीउ रे ॥ तीर्थ ॥ २४ ॥

जे जपमि नर नारि भावि रे २ गुणगाइ स्वामी तणा रे ॥

ते पामि भव पार श्री यसकीरत्ति मुनिवर भणि रे ॥ २५ ॥

इति चौबीस तीर्थंकर भावना

ब्रह्म यशोधर

ब्रह्म यशोधर १६ वीं शताब्दि के कवि थे। भट्टारक सोमकीर्त्ति के शिष्य एवं भट्टारक यशःकीर्त्ति के प्रशिष्य भ० विजयसेन को इन्होंने अपना गुरु माना है जिससे यह स्पष्ट है कि इन्होंने दोनों का ही शासनकाल देखा था।[1] और यह भी संभव है कि इन्हें अपने प्रारम्भिक जीवन में भ० सोमकीर्त्ति के भी पास रहने का सुअवसर मिला हो क्योंकि कुछ पदों में इन्होंने सोमकीर्त्ति भट्टारक को भी अपने गुरु के रूप में स्मरण किया है।[2]

भट्टारक सोमकीर्त्ति की परम्परा के अतिरिक्त, इन्होंने भट्टारक सकलकीर्त्ति की आम्नाय में होने वाले भट्टारक विजयकीर्त्ति का भी गुरु के रूप में स्मरण किया है और अपने गुरु की प्रशंसा में एक गीत भी लिखा है।[3] इससे यह स्पष्ट है कि ब्रह्म यशोधर सभी भट्टारकों के पास जाया करते थे और उनके चरणों में बैठ कर साहित्य साधना किया करते थे।

जन्म

ब्रह्म यशोधर का जन्म कहां हुआ था। कौन इनके माता पिता थे, कितनी आयु में इन्होंने ब्रह्मचारी पद प्राप्त किया तथा कितने समय तक वे साहित्य साधना करते रहे इन प्रश्नों का उत्तर देना कठिन है क्योंकि उन्होंने अपनी कृतियों में इस सम्बन्ध में कोई प्रकाश नहीं डाला। साधु बनने के पश्चात् गृहस्थावस्था का सम्बन्ध बतलाना शास्त्र सम्मत नहीं माना जाता इसी दृष्टि से ब्रह्म यशोधर ने भी अपना कोई परिचय नहीं दिया। लेकिन अपनी दो रचनाओं में रचनाकाल दिया है जिनमें नेमिनाथ गीत में संवत् १५८१ एवं बलिभद्र चुपई में संवत् १५८५ दिया

---

1. श्री रामसेन अनुक्रमि हुआ, यसकीरति गुरु जाणि।
   श्री विजसेन पदि थापीया, महिमा मेर समान
   तास सष्य इम उच्चरि, ब्रह्म यशोधर जेह ।। १८७ ।।
2. श्री सोमकीर्त्ति गुरु पाट धराधर सोल कला जिमु चंद्र रे।
   ब्रह्म यशोधर इणी परि वीनवी श्री संघ करि आणंदु रे ।। ७ ।।
3. श्री काष्ठा संघ कुल तिलु रे, यती सिरोमणि सार।
   श्री विजयकीरति गिरुउ गणधर श्री संघ करि जयकार ।। ४ ।।

है। इसी संवत् १५८५ में इन्होंने गुटके में कुछ पाठों की लिपि भी की थी।

जिन भट्टारकों का इन्होंने अपनी रचनाओं में स्मरण किया है। उनके आधार पर ब्र० यशोधर का जन्म संवत् १५२० के आस पास हुआ होगा। इनके जन्म स्थान के बारे में कुछ नहीं कहा जा सकता। किन्तु इन्होंने अपनी रचनाओं में वंसपालपुर (बांसवाड़ा) गिरिपुर (डूंगरपुर) एवं स्कंधनगर का उल्लेख किया है। इससे पता चलता है कि इनका बागड़ प्रदेश मुख्य स्थान था और इसलिये जन्म भी इसी प्रदेश के किसी ग्राम अथवा नगर में हुआ होगा।

ब्रह्म यशोधर के पूर्व ब्रह्म जिनदास हो चुके थे जिन्होंने राजस्थानी में विशाल साहित्य की सर्जना करके सबको चकित कर दिया था। ब्र० यशोधर भी उन्हीं के पद चिह्नों पर चलने वाले साधु थे। यही कारण है कि उन्होंने जीवन के अन्तिम क्षण तक साहित्य देवता को अपने आपको समर्पित रखा।

शिक्षा

ब्रह्म यशोधर ने सर्व प्रथम भ० सोमकीर्ति के पास एवं उनके पश्चात् भ० यशःकीर्ति के पास शिक्षा प्राप्त की थी। संस्कृत एवं राजस्थानी भाषा पर अधिकार प्राप्त था। सर्व प्रथम इन्होंने ग्रन्थों की प्रतिलिपि करने का कार्य प्रारम्भ किया। इनकी लिपि बहुत सुन्दर थी। छोटे एवं गोल आकार वाले अक्षर लिखना इन्हें बहुत प्रिय था। इनके स्वयं के द्वारा लिखे हुये गुटके में पाठों का संग्रह मिलता है जैसे इनके अक्षर वैसा ही इनका निर्मल स्वभाव था।

विहार

कविवर ब्र० यशोधर अधिकांश समय भट्टारकों के साथ रहते थे या फिर उनकी गादी में रह कर अध्ययन एवं लेखन किया करते थे। स्वतन्त्र रूप से विहार नहीं होता था वैसे इनका अधिकांश समय साहित्य निर्माण में व्यतीत होता था।

रचनायें

कवि की अब तक निम्न रचनायें उपलब्ध हो चुकी हैं।

1. नेमिनाथ गीत—(रचना काल सं० १५८१)

---

1. संवत पनर एकासीइ जी वंसपाल पुर सार। नेमिनाथ गीत
2. गिरिपुर स्वामीय मंडणु श्री संघ पूरवि आस रे॥ मल्लिनाथगीत
3. सवत पनर पञ्चासीइ स्कध नयर मझारि
भवणि अजित जिनवर तणि, ए गुण गाया सार॥ १८२ वलिभद्र चुपई

2. बलिभद्र चुपई (रचना सं० १५८५)
3. विजयकीर्त्ति गीत
4. वासुपूज्य गीत
5. वैराग्य गीत
6. नेमिनाथ गीत
7. ,,
8. मल्लिनाथ गीत
9. पद संख्या १८

उक्त रचनाओं का संक्षिप्त परिचय निम्न प्रकार है--

१. नेमिनाथ गीत

कवि की संवतोल्लेख वाली दो रचनाओं में से नेमिनाथ गीत प्रथम रचना है जिसका रचना काल सं० १५८१ है। रचना स्थान बंसपालपुर (बांसवाडा) है। प्रस्तुत गीत में २८ अन्तरे हैं जिनमें २२ वें तीर्थंकर नेमिनाथ की एक झलक मात्र प्रस्तुत की गयी है। गीत में राजुल नेमिनाथ को सम्बोधित करके अपनी वेदना व्यक्त करती हैं और जब समझाने पर भी नेमि वापिस नहीं लौटते हैं तो स्वयं भी दीक्षा ले लेती हैं।

नेमिकुमार भड सांचरया जी प्रलुगा लहिर मझारि।
पंच महाव्रत आदरयां जी, राल्यु सवि सिरणगार।
हे राजिल मम करि मोह प्रयाण मोह हुइ परम नीहाण रे राजोल।

प्रस्तुत कृति की अपूर्ण प्रति गुटके में संग्रहीत है। केवल अन्तिम कुछ पद्य उपलब्ध होते हैं। २७ वां पद्य निम्न प्रकार है—

ब्रह्म यशोधर इम कहि जी भणसि जे नर नारि।
स्वर्ग तणां सुख भोगवी जी लहिसि मुगति दुयार। हो स्वामी।

२. बलिभद्र चौपई—यह कवि की अब तक उपलब्ध रचनाओं में सबसे बड़ी रचना है। इसमें १८६ पद्य हैं जो विभिन्न ढाल, दूहा एवं चौपई आदि छन्दों में विभक्त हैं। कवि ने इसे सम्वत् १५८५ में स्कन्ध नगर के अजितनाथ के मन्दिर में सम्पूर्ण[1] किया था।

---

१. संवत पनर पच्यासीइ, स्कन्ध नगर मझारि।
भवंणि अजित जिनवर तणी, ए गुण गाया सारि॥ १८८॥

रचना में श्रीकृष्ण जी के भाई बलिभद्र के चरित्र का वर्णन है। कथा का संक्षिप्त सार निम्न प्रकार है—

द्वारिका पर श्रीकृष्णजी का राज्य था। बलिभद्र उनके बड़े भाई थे। एक बार २२ वें तीर्थंकर नेमिनाथ का उधर विहार हुआ। नगरी के नरनारियों के साथ वे दोनों भी दर्शनार्थ पधारे। बलिभद्र ने नेमिनाथ से जब द्वारिका के भविष्य के बारे में पूछा तो उन्होंने १२ वर्ष बाद द्वीपायन ऋषि द्वारा द्वारिका दहन की भविष्यवाणी की। १२ वर्ष बाद ऐसा ही हुआ। श्रीकृष्ण एवं बलराम दोनों जंगल में चले गये और जब श्रीकृष्ण जी सो रहे थे तो जरदकुमार ने हरिण के धोखे में इन पर बाण चला दिया जिससे वहीं उनकी मृत्यु हो गई। जरदकुमार को जब वस्तुस्थिति का पता लगा तो वह बहुत पछताये लेकिन फिर क्या होना था। बलिभद्र श्रीकृष्ण जी को अकेला छोड़कर पानी लेने गये थे, वापिस आने पर जब उन्हें मालूम हुआ तो वे बड़े शोकाकुल हुए एवं रोने लगे और मोह से छह मास तक अपने भाई के मृत शरीर को लिए घूमते रहे। अन्त में एक मुनि ने जब उन्हें संसार की असारता बतलाई तो उन्हें भी वैराग्य हो गया और अन्त में तपस्या करते हुए निर्वाण प्राप्त किया। चौपई की सम्पूर्ण कथा जैन पुराणों के आधार पर निबद्ध है।

चौपई प्रारम्भ करने के पूर्व सर्व प्रथम कवि ने अपनी लघुता प्रगट करते हुए लिखा है कि न तो उसे व्याकरण एवं छंद का बोध है और न उचित रूप से अक्षर ज्ञान ही है। गीत एवं कवित्त कुछ आते नहीं है लेकिन वह जो कुछ लिख रहा है वह सब गुरु के आशीर्वाद का फल है –

न लहुं व्याकरण न लहुं छन्द, न लहुं अक्षर न लहुं बिंद।
हुं मूरख मानव मति नहीं, गीत कवित्त नवि जाणुं कही ।।२।।

दोहा

सूरज उग्यु तम हरि, जिम जलहर वूठि तांप।
गुरु वयणे पुण्य पामीइ, झडि भवंतर पाप ।।५।।
मूरख परिण जे मति लहि, करि कवि मतिसार।
ब्रह्म यशोधर इम कहि, ते सहि गुरु उपगार ।।६।।

उस समय द्वारिका वैभव पूर्ण नगरी थी। इसका विस्तार १२ योजन प्रमाण था। वहां सात से तेरह मंजिल के महल थे। बड़े-बड़े करोड़पति सेठ वहां निवास करते थे। श्रीकृष्ण जी याचकों को दान देने में हर्षित होते थे, अभिमान नहीं

करते थे। वहां चारों ओर वीर एवं योद्धा दिखलाई देते थे। सज्जनों के अतिरि दुर्जनों का तो वहां नाम भी नहीं था।

कवि ने द्वारिका का वर्णन निम्न प्रकार किया है—

नयर द्वारिका देश मझार, जाणे इन्द्रपुरी अवतार।
बार जोयण ते फिरतु वसि, ते देखी जन मन उलसि ।।११।।
नव खण तेर खणा प्रासाद, टह श्रेणि सम लागु वाद।
कोटीधज तिहां कहीइ घणा, रत्न हेम हीरे नहीं मणा ।।१२।।
याचक जननि देइ दान, न हीयडि हरष नहीं अभिमान।
सूर सुभट एक दीसि घणा, सज्जन लोक नही दुर्जणा ।।१३।।
जिण भवने धज वड भरहरि, शिखर स्वर्ग सुंवातज करि।
हेम मूरति पोढी परिमाण, एके रत्न अमूलिक जाण ।।१४।।

द्वारिका नगरी के राजा थे श्रीकृष्ण जी जो पूर्णिमा के चन्द्रमा के समान सुन्दर थे। वे छप्पन करोड़ यादवों के अधिपति थे। इन्हीं के बड़े भाई थे बलिभद्र। स्वर्ण के समान जिनका शरीर था। जो हाथी रूपी शत्रुओं के लिए सिंह थे तथा हल जिनका आयुध था। रेवती उनकी पटरानी थी। बड़े-बड़े वीर योद्धा उनके सेवक थे। वे गुणों के भण्डार तथा सत्यव्रती एवं निर्मल-चरित्र के धारण करने वाले थे—

दूहा

तस बंधव अति रूयडु रोहिण जेहनी मात।
बलिभद्र नामि जाणयो, वसुदेव तेहनु तात ।।२८।।
कनक वर्ण सोहि जिसु, सत्य शील तनुवास।
हेमधार वरसि सदा, ईहण पूरि आस ।।२९।।
अरीयण मद गज केशरी, हल आयुध करिसार।
सुहड सुभट सेवि सदा, गिरुउ गुणह भंडार ।।३०।।
पटराणी तस रेवती, सील सिरोमणि देह।
धर्म धुरा भालि सदा, पतिसुं अविहड नेह ।।३१।।

उन दिनों नेमिनाथ का विहार भी उधर ही हुआ। द्वारिका की प्रजा ने नेमिनाथ का खूब स्वागत किया। भगवान श्रीकृष्ण, बलभद्र आदि सभी उनकी वंदना के लिए उनकी सभागृह में पहुंचे। बलभद्र ने जब द्वारिका नगरी के बारे में प्रश्न पूछा तो नेमिनाथ ने उसका निम्न शब्दों में उत्तर दिया—

दूहा—सारी वाणी संभली, बोलि नेमि रसाल ।
पूरब भवि अक्षर लखा, ते किम थाइ आल ।।७१।।

चुपइ—द्वीपायन मुनिवर जे सार, ते करसि नगरी संघार ।
मद्य भांड जे नामि कही, तेह थकी बली बलसि सही ।।७२।।
पौरलोक सरि ऊपरि जिसि, ते संघन नीकलसु तिसि ।
तह्माह सहोदर जरा कुमार, ते हनि हाथि मरि मोरार ।।७३।।
बार बरस पूरि जे तलि, ए कारण होसि ते सलि ।
जिणवर वाणी अमीय समान, सुणीय कुमर तब चाल्यु रानि ।।७४।।

बारह वर्ष पश्चात् वही समय आया । कुछ यादवकुमार अपेय पदार्थ पीने से उन्मत्त हो गए । वे नाना प्रकार की क्रियायें करने लगे । द्वीपायन मुनि को जो बन में तपस्या कर रहे थे उन्हें देखकर वे चिढ़ाने लगे ।

तिणि अवसरि ते पीधु नीर, विकल रूप ते थया शरीर ।
ते परवत था पाछावलि, एकि विसि एक धरणी ढलि ।।८२।।
एक नाचि एक गाइ गीत, एक रोइ एक हरषि चित्त ।
एक नासि एक उडलि धरि, एक सुइ एक क्रीडा करि ।।८३।।
ईणि परि नगरी आवि जिसि, द्विपायन मुनि दीठु तिसि ।
कोप करीनि नाखि ताम, देर गालबली लेइ नाम ।।८४।।

द्वीपायन ऋषि के शाप से द्वारिका जलने लगी और श्रीकृष्णजी एवं बलराम अपनी रक्षा का कोई अन्य उपाय न देखकर बन की ओर चले गये । वन में श्रीकृष्ण की प्यास बुझाने के लिए बलिभद्र जल लेने चले गये । पीछे से जरदकुमार ने सोते हुये श्रीकृष्ण को हरिण समझ कर बाण मार दिया । लेकिन जब जरदकुमार को मालूम हुआ तो वे पश्चाताप की अग्नि से जलने लगे । भगवान श्रीकृष्ण ने उन्हें कुछ नहीं कहा और कर्मों की विडम्बना से कौन बच सकता है यही कहकर धैर्य धारण करने को कहा--

कहि कृष्ण सुणि जराकुमार, मूड पणि मम बोलि गमार ।
संसार तणी गति विषमी होइ, हीयडा माहि विचारी जोइ ।।११२।।
करमि रामचन्द बनिगउ, करमि सीता हरणज भउ ।
करमि रावण राज जटिली, करमि लंक बिभीषण फली ।।११३।।

हरचन्द राजा साहस धीर, करमि अधमि घरि आण्यु नीर।
करमि नल नर चूकू राज, दमयन्ती वनि कीधी त्याज। ११४॥

इतने में वहीं पर बलिभद्र आ गये और श्री कृष्ण जी को सोता हुआ जानकर जगाने लगे। लेकिन वे तब तक प्राणहीन हो चुके थे। यह जानकर बलिभद्र रोने लगे तथा अनेक सम्बोधनों से अपना दुःख प्रकट करने लगे। कवि ने इसका बहुत ही मार्मिक शब्दों में वर्णन किया है।

जल विण किम रहि माछलु, तिम तुझ विणु बंध।
विरीड वनखिन सासीउ, साल्या असला रे संघ ॥१३०॥

छन्द

यद्यपि रचना में मुख्यतः चुपई एवं दोहा छन्द है लेकिन वस्तु बंध छन्द, एवं दो ढालों का भी प्रयोग हुआ है। जैसे कवि को दोहा एवं चौपई छन्द में काव्य रचना में अभ्यस्त था। १६ वीं शताब्दि में दोहा एवं चौपई दोनों ही छन्द अत्यधिक लोकप्रिय हो चुके थे तथा पाठक भी इन्हीं छन्दों को पसन्द करते थे।

भाषा

बलिभद्र चुपई राजस्थानी भाषा की कृति है। यद्यपि कवि का गुजरात से अधिक सम्बन्ध था लेकिन राजस्थानी भाषा से उसे अधिक लगाव था। फूल्या (४२) रयण (रत्न) सिंघासण (सिंहासन) ३६, आव्या (आया ४८) मानथंभ (मानस्तंभ ५६) खंच्यु (खेंचा १०६) जाग्यु (जगना १२६) जैसे शब्दों को बहुलता से देखा जा सकता है।

बलिभद्र चुपई के कुछ वर्णन तो बहुत ही अच्छे हुए हैं। भगवान नेमिनाथ का समवसरण क्या आया मानों चारों ओर धन धान्य, हरियाली, सघन वृक्ष, बसंत जैसी बहार ही आ गयी इसी का एक वर्णन कवि के शब्दों में देखिये—

फूल्या वृक्ष फली घण लता अनेक रूप पंखी सेवता।
ठामि ठामि कोइल गहि गहि, मधु पल्लव केतकि महि महि ॥४२॥
जिणवर महिमा न लहुं पार, रतु छोडी तरु फलीया सार।
मांग्या मेघ ते वरसि सदा, दुर्भख्य वात न सोयणे कदा ॥४३॥

जैन दर्शन में कर्म सिद्धान्त पर गहन विवेचन मिलता है। कवि ने भी कर्मों की भाषा का सोदाहरण वर्णन करके कर्मों के प्रभाव की पुष्टि की है। इसी पर आधारित एक पाठ देखिये—

करमि ऋद्धि वृधि पामि बहू एके निरधन करमि सहूं
करमि करि ते निश्चि होइ करम कारण नवि छूटी कोइ ।।११३।।
हरचंद राजा साहस धरि, करमि अधम घरि अण्यु नीर ।
करमि नल नर चूकु राज, दमयंती बनि कीधी त्याज ।।११४।।

लेकिन धर्म की महिमा कम नहीं है। जिसने भी धर्म को जीवन म उतारा उसी का जीवन सफल हो गया। बलिभद्र चुपई में कवि ने धर्म के महात्म्य का वर्णन करते हुए लिखा है—

धरमि धन बहू संपजि, राजा रमण भंडार ।
धरमि जस महीयल फिरि, उत्तम कुल अवतार ।।१८२।।
धरमि मन चीन्त्यु फलि, दूर देशांतर जेहु ।
हय गज रथ फिरि नित रहि, करी रमणी संग रहु ।।१८३।।
धरमि नर महिमा हुइ, धरमि लहीइ ज्ञान ।
धरमि सुर सेवा करि, धरमि दीजि दान ।।१८४।।
धर्म तणा गुण बहू अछि, ते बोल्या किम जाइ ।
चुगि फेरु टालसि, जो धुरि धर्म दयाल ।।१८५।।

3. विजयकीर्त्ति गीत

विजयकीर्त्ति भट्टारक थे तथा भट्टारक ज्ञानभूषण के शिष्य एवं भट्टारक शुभचन्द्र के गुरु थे। ये भट्टारक सकलकीर्त्ति की परम्परा के साधु थे। उनके महान् व्यक्तित्व के कारण परवर्ती कितने ही भट्टारकों एवं कवियों ने उनकी प्रशंसा की है। ब्र० कामराज ने उन्हें सुप्रचारक के रूप में स्मरण किया है।[1] भ० सकलभूषण ने यशस्वी महामना, मोक्ष सुखाभिलाषी आदि विशेषणों से उनकी कीर्त्ति गायी है।[2] भ० शुभचन्द्र भी उन्हें यतिराज, पुण्यमूर्त्ति आदि विशेषणों से अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। भट्टारक देवेन्द्र कीर्त्ति[3] एवं लक्ष्मीचन्द चांदवाड[4] ने भी अपनी कृतियों में विजयकीर्त्ति का गुणानुवाद किया है।

---

1. विजयकीर्त्तियो ऽभवन भट्टारकोपदेशिनः। जयकुमार पुराण
2. भट्टारकः श्रीविजयादिकीर्त्तिस्तदीयपट्टे वर लब्धकीर्त्तिः।
   महामना मोक्षसुखाभिलाषी बभूव जैनावनी प्राच्यं पादः। उपदेश रत्नमाला
3. विजयकीर्त्ति तस पटधारी, प्रगटया पूरण सुखकार रे। प्रद्युम्न प्रबन्ध
4. तिन पट विजयकीर्त्ति जैवंत, गुरु अन्यमति परवत समान। श्रेणिक चरित्र

ब्र० यशोधर ने भी भ० विजयकीर्ति की प्रशंसा में एक पूरा गीत लिखा है। जिससे पता चलता है कि उनकी विजयकीर्ति के प्रभावक जीवन में पूर्ण श्रद्धा थी। यशोधर ने लिखा है कि बचपन में ही विजयकीर्ति ने संयम धारण कर लिया तथा सकलकीर्ति की वाणी को सुन कर प्रसन्नता से भर गये थे। संसार को असार जानकर पंच महाव्रत स्वीकार किये तथा विश्वसेन मुनि के पास जाकर दीक्षा ले ली। वे बाईस परिषहों के सहने लगे।

विजयकीर्ति की माता का नाम ... था। विजयकीर्ति के प्रभाव के सामने अनेक राजा महाराजा नत मस्तक थे जिसमें मालवा, मेवाड़, गुजरात, सौराष्ट्र एवं सिंध के अनेक राजा थे। दक्षिण में महाराष्ट्र, कोंकण के प्रदेश थे। वे ३६ लक्षणों वाले थे तथा ७२ भाषाओं के जानकार थे। वे काष्ठा संघ के यति शिरोमणि थे।

आगम वेद सिद्धान्त व्याकण भाषि अवीयण सार।
नाटक छंद प्रमाण बूझि नित जपि नवकार ॥
श्री काष्टसंघ कुल तिलु रे यती सरोमणि सार।
श्री विजयकीरति गिरुड गणधर श्री संघ करि जयकार ॥४॥

४ वासुपूज्य गीत

बंसपाल (बांसवाड़ा) नगर में वासुपूज्य स्वामी का जिन मन्दिर था। ब्र. यशोधर की उनके प्रति अतीव श्रद्धा थी इसीलिये सभी समाज से वासुपूज्य स्वामी के दर्शन, पूजा एवं स्तवन करने के लिये आह्वान किया है। कवि ने लिखा है कि वासुपूज्य स्वामी के आगे भाव विभोर होकर अष्टमकारी पूजा करने के लिये कहा है तथा निम्न प्रकार पूजा करने का फल बतलाया है –

अष्ट प्रकारी जिनवर पूज करेसि रे।
भावि भक्ति लक्ष्मी सक्ति संसार तेरसि रे ॥
नयर बंशवाला मंडण तु स्वामी रे
ब्रह्म यशोधर असि घणु वलिवि
देयो तह्म गुणग्राम रे ॥१२॥

गीत की राग कामोद धन्यासी है जिसमें १२ पद्य है।

५. वैराग्य गीत

यह गीत राग धन्यासी में लिपि बद्ध है। इस गीत में मनुष्य जन्म की

दुर्लभता का वर्णन करते हुए विभिन्न प्रकार के पापों से बचने के लिये प्रेरणा दी गयी है। गीत बहुत छोटा है।

६. नेमिनाथ गीत

राजुल नेमि के जीवन पर यह कवि का दूसरा गीत है। इस गीत में राजुल नेमिनाथ को अपने घर बुलाती हुई उनकी बाट जोह रही है। गीत छोटा सा है जिसमें केवल ५ पद्य हैं। गीत की प्रथम पंक्ति निम्न प्रकार है—

नेम जी आवु न घरे घरे।
वाटडीयां जोइ सिवगामा (ला) डली रे ।।

७. नेमिनाथ गीत

यह कवि का नेमिनाथ के जीवन पर तीसरा गीत है। पहले गीतों से यह गीत बड़ा है और वह ६६ पद्यों में पूर्ण होता है। इसमें नेमिनाथ के विवाह की घटना का प्रमुख वर्णन है। वर्णन सुन्दर, सरस एवं प्रवाह युक्त है। राजुलि–नेमि के विवाह की तैय्यारियां जोर शोर से होने लगी। सभी राजा महाराजाओं को विवाह में सम्मिलित होने के लिये निमन्त्रण पत्र भेजे गये। उत्तर, दक्षिण, पूर्व, पश्चिम आदि सभी दिशाओं के राजागण उस बारात में सम्मिलित हुये। इसी वर्णन को कवि के शब्दों में पढ़िये:—

कुंकम पत्री पाठवी रे, गुज्र आवि अतिसार।
दक्षिण मरहठा गालवी रे, कुंकण कन्नड राउ ।।२२।।
गूजर मंडल सोरठीयारे, सिन्धु सबाल देश।
गोपाचल नु राजाउरे, ढीली आदि नरेस ।। २३ ।।
मलवारी मारुयाडना रे, खुरसाणी सवि ईस।
बागडी उदल मजकरी रे, लाड गउडनाधीस ।। २४ ।।

कवि ने उक्त पद्यों में दिल्ली को 'ढीली' लिखा है। १२ वीं शताब्दी के अपभ्रंश के महाकवि श्रीधर ने भी अपने पासचरिउ में दिल्ली को 'ढिल्ली' शब्द से सम्बोधित किया था।[1]

बारातियों के लिये विविध फल मंगाये गये तथा अनेक पकवान एवं मिठाइयां

१. विक्कमणरिंद सुपसिद्ध कालि, ढिल्ली पट्टणि धण कण विसालि।
सनवासी एयारह सएहिं, परिवाडिए वरिसह परिगएहिं ।।

बनवायी गई। कवि ने जिन व्यन्जनों के नाम गिनाये हैं उनमें अधिकांश राजस्थानी मिष्ठान हैं कवि के शब्दों में इसका आस्वादन कीजिये—

पकवान नीपजि नित नवां रे, मांडी मुरकी सेव।
खाजा खाजडली दही थरां रे, फेंदर घेवर हेव ।। २५ ।।
मोतीया लाडू मूंग तणा रे, सेवइया अतिसार।
काकरी पापड़ सूधीयारे, साकिरि मिश्रित सार ।। २६ ।।
सालीया तंदुल रूपडारे, उज्जल अखंड अपार।
मूंग मंडोरा अति भला रे, घृत अखंडी धार ।। २७ ।।

राजुल का सौन्दर्य अवर्णनीय था। पांवो के नुपूर मधुर शब्द कर रहे थे वे ऐसे लगते थे मानों नेमिनाथ को ही बुला रहे हों। कटि पर सुशोभित 'कनकती' चमक रही थी। अंगुलियों में रत्नजटित अंगूठी, हाथों में रत्नों की ही चूड़ियां तथा गले में नवलख हार सुशोभित था। कानों में झूमके लटक रहे थे। नयन कजरारे थे। हीरों से जड़ी हुई ललाट पर राखड़ी (बोरला) चमक रही थी। इसकी वेणी दण्ड उतार (उपर से मोटी तथा नीचे से पतली) थी इन सब आभूषणों से वह ऐसी लगती थी कि मानों कहीं कामदेव के धनुष को तोड़ने जा रही हो—

पायेय नेउर रणझणिरे, घूघरी नु घमकार।
कटियंत्र सोहि रूडी मेखला रे झूमणुं झलक सार ।।४३।।
रत्नजड़ित रूड़ी मुद्रकारे, करियल चूड़ीतार।
बांहि बिंटा रूड़ा बहिरखारे, हीयडोलि नवलखहार ।।४४।।
कोटीय टोडर रूयडुं रे, श्रवणे झबकि झाल।
नलविट टीलुं तप तपि रे, खीटलि लटकि चालि ।।४५।।
वांकीय भमरि सोहामणी रे, नयले काजल रेह।
कामिधनु जाणु तोडीवरे, नर मन पाड़वा एह ।। ४६ ।।
हीरे जड़ी रूड़ी राखड़ी, वेणी दंड उतार।
मयणि पन्नग जाणे पासीउरे, गोफणु लहि किसार ।।४७।।

नेमिकुमार ६ खण के रथ में विराजमान थे जो रत्न जड़ित था तथा जिसमें हांसना जाति के घोड़े जुते हुये थे। नेमिकुमार के कानों में कुण्डल एवं मस्तक पर छत्र सुशोभित थे। वे श्याम वर्ण के थे तथा राजुल की सहेलियां उनकी ओर संकेत करके कह रही थी यही उसके पति हैं ?

नवखणु रथ सोभ्रणमि रे, रयण मंडित सुविसाल ।
हांसला अश्व जिणि जोतर्‌या रे, तह लहधिजाय अपार ।। ५१ ।।
कानेव कुंडल तपि तपि रे, मस्तिक छत्र सोहंनि ।
सामला अरण सोहाम णुरे, सोइ राजिल तोरू कंत ।। ५२ ।।

इस प्रकार रचना में घटनाओं का अच्छा वर्णन किया गया है। अन्त में कवि ने अपने गुरु को स्मरण करते हुए रचना की समाप्ति की है।

श्री यशकीर्ति सुपसाउलि, ब्रह्म यशोधर भणिसार ।
चलण न छोडउ स्वामी तणा, मुझ भवना दुःख निवार ।। ६८ ।।
भणसि जिनेसर सांभलि रे, भ- भ- े अवतार
नव निधि तस घरि ऊपजि रे, ते तरसि रे संसार ।। ६६ ।।

भाषा-गीत की भाषा राजस्थानी है। कुछ शब्दों का प्रयोग देखिये---

गासुं-गाऊंगा (१) कांइ करू-क्या करू (१ नीकल्या रे-निकला (३) तह्या, म्हा (८) तिहां (२१) नेउर (४३) आपणा (५३) तोरू (तुम्हारा) मोरू (मेरा) (५०) उतावलु (१३) पाठवी (२२)

छन्द--सम्पूर्ण गीत गुडी (गोडी) राग में निबद्ध है।

८. मल्लिनाथ गीत

डूंगरपुर स्थित दि. जैन मन्दिर में मल्लिनाथ स्वामी की प्रतिमा के स्तवन के रूप में प्रस्तुत गीत लिखा गया है। इसमें उनके पंच कल्याणकों की महिमा का वर्णन किया गया है। गीत में ६ अन्तरे हैं। अन्तिम पाठ निम्न प्रकार है—

ब्रह्म यशोधर वनिविइं हवि तहम तणुदास रे
गिरिपुर स्वामीय मंडणु श्री संघ पूरवि आस रे ।।४।।

६. पद साहित्य

ब्रह्म यशोधर ने अब तक १८ पद मिल चुके हैं जो विभिन्न राग-रागनियों में निबद्ध है। कवि ने अधिकांश पदों में नेमि राजुल का वर्णन किया है। कहीं राजुल की विरह-वेदना है तो किसी में तोरण द्वार से लौटने की घटना पर क्षोभ प्रगट किया गया है। ऐसा लगता है कि ब्रह्म यशोधर भी भट्टारक रत्नकीर्ति एवं कुमदचन्द्र के समान नेमि राजुल कथानक से अत्यधिक प्रभावित थे और उनके विविध रूप पाठकों के सामने रखना चाहते थे। कुछ पदों में भगवान पार्श्वनाथ की स्तुति की गयी है। एक पद अपने गुरु यशःकीर्ति की प्रशंसा में लिखा गया है।

१७ वीं एवं १८ वीं शताब्दियों अपने गुरु भट्टारकों का गुण गान करने की प्रथा थी। इन पदों में इतिहास ने कितने ही तथ्य छिपे हुए होते हैं।

राग सबाब में कवि ने कबीरदास के समान ही अपने में संसार की गहनता पर चर्चा की है तथा चौरासी लाख योनियों में यह प्राणी अनेक पंथों एवं धर्मों में भटकता रहता है लेकिन उसे तारनहार कोई नहीं मिलता। इसलिये जिनदेव ही एक मात्र तारनहार है इन्हीं तथ्यों पर आधारित यह पद्य लिखा गया है। पद बहुत छोटा है लेकिन सार गर्भित है।

इस प्रकार ब्रह्म यशोधर का सम्पूर्ण साहित्य अत्यधिक महत्वपूर्ण है। वे अपने समय के समर्थ कवि थे तथा समाज में अत्यधिक लोकप्रिय थे। अपनी छोटी-२ रचनाओं के माध्यम से वे पाठकों में अपनी कृतियों के पठन-पाठन में रुचि पैदा किया करते थे। उन्होंने सब से अधिक नेमि राजुल से सम्बन्धित कृतियां लिखी थीं फिर चाहे वे छोटी हो या बड़ी।

कवि ने अपना पूरा साहित्य राजस्थानी भाषा में लिखा है। राजस्थानी भाषा से उन्हें अधिक लगाव था और उनके पाठक भी इसी भाषा को पसन्द करते थे। वास्तव में उस शताब्दि में होने वाले अधिकांश जैन कवियों ने राजस्थानी भाषा में अपनी रचना निबद्ध करने को प्राथमिकता दी थी।

———

बलिभद्र चुपई

